## सिटी ब्रीफ

### पार्सल व टिकट घर में कर्मचारियों के तबादले

शाहजहांपुर, अमृत विचार : मुरादाबाद मंडल से पार्सल विभाग और टिकट घर के कर्मचारियों की स्थानातांरण सूची जारी कर दी है। टिकट घर में बाबू नत्थू सिंह को पार्सल घर का सीपीएस बनाया गया है। जबकि इससे पहले सीपीएस शिवम सक्सेना थे और जो पार्सल घर में ही रहेंगे। टिकट घर के कर्मचारी पुष्पा और अनुराधा का पार्सल घर तथा श्रष्टि का रिजर्वेशन और विशाल का बरेली स्थानातंरण कर दिया गया है। रामवदन टिकट घर में ही सीवीएस के पद पर ही रहेंगे। टिकट घर में तैनात बाबू विजय शर्मा का स्थानातंरण बरेली में चीफ गुड्स सुरपरवाइजर के पद हो या है। पार्सल घर में तैनात बाबू का शहनबाज का टिकट घर और सुशील का नेमी सराए स्टेशन कर दिया गया है।

### मदरसा नूरूल हुदा में परीक्षाफल वितरण कल

शाहजहांपुर, अमृत विचार : मदरसा नूरूल हुदा बिजलीपुरा में परीक्षाफल वितरण समारोह 29 मार्च को प्रातः 10 :30 बजे आयोजित किया जाएगा। यह जानकारी मदरसा प्रधानाचार्य इकबाल मियां ने दी है। वहीं जामिया फातिमा जलाल नगर में हॉलमार्क सेरेमनी आज प्रातः 10 : 00 बजे आयोजित किया जाएगा। यह जानकारी प्रबंधक तनवीर खां ने दी है।

### स्वदेशी विषयक विचार गोष्ठी 31 को

शाहजहांपुर, अमृत विचार : स्वदेशी जागरण मंच एवं स्वावलंबी भारत अभियान के अंतर्गत वर्तमान आर्थिक परिदृश्य एवं स्वदेशी विषयक विचार गोष्ठी का आयोजन 31 मार्च 2026, मंगलवार को प्रातः 10 :00 बजे आर्य महिला इण्टर कॉलेज में किया जाएगा। यह जानकारी अमितेश अमित ने दी है। उन्होंने बताया कि गोष्ठी के मुख्य अतिथि सतीश कुमार अखिल भारतीय सह-संगठक, स्वदेशी जागरण मंच तथा विशिष्ट अतिथि डॉ. राजीव कुमार अखिल भारतीय सह-संयोजक, स्वदेशी जागरण मंच होंगे।

# नवरात्र: कन्या पूजन कर लिया मां का आशीष

## जिले भर में कन्या भोज दक्षिणा व उपहार देकर सुख-समृद्धि की कामना, मंदिरों में उमड़े श्रद्धालु

- घरों मे पूजन के बाद महिलाओं ने किया भजन-कीर्तन

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** नवरात्र समापन के अवसर पर जिले भर में श्रद्धालुओं ने कन्या पूजन और कन्या भोज का आयोजन कर आस्था व्यक्त की। सुबह से ही घरों और मंदिरों में धार्मिक कार्यक्रम शुरू हो गए, जहां लोगों ने कन्याओं को आमंत्रित कर विधि-विधान से पूजन किया और उन्हें भोजन कराया। श्रद्धालुओं ने कन्याओं को दक्षिणा और उपहार देकर सुख-समृद्धि की कामना की। इस दौरान मंदिरों में भी भक्तों की भीड़ उमड़ी रही और दिनभर पूजा-अर्चना का सिलसिला चलता रहा। कई स्थानों पर भजन-कीर्तन के कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिसमें महिलाओं ने श्रद्धा के साथ भक्ति गीत गाकर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। पूरे जिले में धार्मिक उत्साह और आस्था का माहौल देखने को मिला। विभिन्न स्थानों पर भंडारों का आयोजन किया गया और कन्या पूजन कर श्रद्धालुओं ने आशीर्वाद लिया। मंदिरों में सुबह से ही भक्तों की भीड़ उमड़ी रही और दिनभर दर्शन-पूजन का क्रम चलता रहा। इस दौरान घरों और मंदिरों में कन्याओं को भोजन कराकर श्रद्धालुओं ने सुख-समृद्धि की कामना की। महापौर अर्चना वर्मा ने अपने आवास पर कन्याओं को भोजन कराया और आशीर्वाद लिया। वहीं बीएसए दिव्या गुप्ता ने भी अपने सरकारी आवास पर कन्या पूजन कर कन्याओं को भोजन कराया। रामनवमी के दिन पूरे जिले में भक्ति और उत्साह का माहौल बना रहा। उधर, ग्राम पंचायत भटपुरा रसूलपुर स्थित श्री राम जानकी मंदिर में रामनवमी के शुभ अवसर पर धार्मिक कार्यक्रम धूमधाम से संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत यज्ञ से हुई, जिसके बाद पूरे गांव की कन्याओं का विधि-विधान से पूजन कर उन्हें भोजन कराया गया। इसके बाद पूरे ग्रामवासियों के लिए भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। समिति के पदाधिकारी यशपाल सिंह और शोवेंद्र सिंह ने बताया कि मंदिर प्रांगण में पिछले नौ दिनों से भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है, जिसके समापन पर हवन-पूजन कर कन्या पूजन और भंडारा कराया गया। कार्यक्रम में ग्राम प्रधान अनिल गुप्ता समेत मुनीश सिंह, श्रीकांत दीक्षित, अनुज मिश्रा, अवधेश सिंह, कलेक्टर सिंह, अजय वर्मा, गोविंद सिंह, सेठपाल सिंह, नरेश मिश्रा, दिनेश मिश्रा, ऋषिपाल सिंह, अमित सिंह, मुनींद्र सिंह, राजवीर सिंह, छोटे सिंह, ओमकार सिंह, राजेश सिंह, नक्षत्र सिंह सहित सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे।

**1100 से अधिक कन्याओं को कराया गया भोजन :** श्री राम नवमी एवं गुरुजी के जन्मोत्सव के अवसर पर जिले में विभिन्न स्थानों पर सेवा कार्य आयोजित किए गए। टपर वाले गुरुजी आश्रम में प्रतिवर्ष की भांति भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें 1100 से अधिक कन्याओं और बच्चों को भोजन कराया गया तथा प्लेट सेट उपहार के रूप में वितरित किए गए। इस दौरान श्रद्धालुओं ने मिलकर कार्यक्रम को हर्षोल्लास के साथ संपन्न कराया। इसके बाद ठाकुरद्वारा मंदिर, सराय कैयां में 51 कन्याओं को प्लेट सेट और चॉकलेट वितरित कर आशीर्वाद लिया गया। कार्यक्रम में संजीव गुप्ता, पुनीत गुप्ता, अनोज गुप्ता, टिटू मिश्रा, सुरेश चंद्र गुप्ता और राम किशोर गुप्ता सहित अन्य लोग मौजूद रहे। इसी क्रम में गौहरपुरा स्थित श्री गायत्री माता शक्तिपीठ में माता रानी के दर्शन कर हलवा प्रसाद का वितरण किया गया। श्रद्धालुओं ने माता रानी और प्रभु श्रीराम से सभी के कल्याण की कामना की।


भोजन करातीं महापौर अर्चना वर्मा। ● अमृत विचार


रामनवमी पर कन्याओं के साथ बीएसए दिव्या गुप्ता। ● अमृत विचार

### जगराते में झूमे माता के भक्त

तिलहर, अमृत विचार : मधुबन कॉलोनी में नवरात्र समापन के अवसर पर स्थानीय लोगों ने आपसी सहयोग से माता के भव्य जगराता कार्यक्रम का आयोजन किया। बरेली की बाबा म्यूजिकल ग्रुप एंड मां आनंदी जागरण पार्टी के कलाकारों द्वारा माता की भेंटें प्रस्तुत कर जगराते में पहुंचे भक्तों को भक्ति रस में सराबोर कर दिया। मां बुलाएं बेटा दौड़ा चला आए, मां मेरी मां, मां मुरादें पूरी कर दे हलवा बाटूंगी सुनकर उपस्थित श्रोता और माता के भक्त भावविभोर होकर झूमने लगे। चन्द्रभान सिंह अन्ना, विकास सक्सेना, धर्मवीर गंगवार, सुरेंद्र यादव, राकेश सिंह, प्रदीप सक्सेना, आनंद गंगवार, विनोद कुमार, सर्वेश कुमार, ऋषि द्विवेदी, यशपाल सिंह, आदित्य सिंह, श्यामवीर, श्रवण द्विवेदी आदि मौजूद रहे।


श्री राम जानकी मंदिर में यज्ञ करते ग्राम प्रधान व ग्रामीण। ● अमृत विचार


मधुबन कॉलोनी में आयोजित जगराते में झूमते श्रद्धालु। ● अमृत विचार


खजुरी देवी मंदिर में कन्या पूजन व हवन करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

### खजुरी देवी मंदिर में विशेष पूजा, घरों में श्रद्धालुओं ने कन्याओं को किया तिलक

परौर, अमृत विचार : परौर और खजुरी क्षेत्र में चैत्र नवरात्र का समापन शुक्रवार को माता सिद्धिदात्री की पूजा-अर्चना के साथ हुआ। नौ दिनों तक चले इस पर्व के अंतिम दिन कस्बा कलान से लेकर गांवों तक श्रद्धा और भक्ति का माहौल दिखाई दिया। सुबह चार बजे से ही खजुरी देवी मंदिर पर कन्याएं हवन यज्ञ के लिए पहुंचने लगीं, जहां मणि शंकर मिश्रा ने मंत्रोच्चार के बीच 'ओम ऐं ह्रीं क्लीं चामुण्डायै विच्चे' के उच्चारण के साथ हवन कुंड में आहुतियां दिलाईं। घी, हवन सामग्री और कपूर की सुगंध से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। उन्होंने बताया कि हवन का कार्य सुबह पांच बजे शुरू होकर दोपहर 12 बजे तक संपन्न हुआ। इस दौरान श्रद्धालुओं ने परिवार सहित आरती कर नौ दिनों के व्रत का पारण किया। सुबह से ही घरों और मंदिरों में हलचल रही और अष्टमी-नवमी के अवसर पर भक्तों ने कन्या पूजन किया। कन्याओं को माता का स्वरूप मानते हुए उनके पैर पखारे गए, रोली-अक्षत का टीका लगाकर चुनरी ओढ़ाई गई और भोजन कराकर आशीर्वाद लिया गया। पूरे क्षेत्र में धार्मिक उत्साह और भक्ति का माहौल बना रहा।


रस्तोगी धर्मशाला मंदिर में आयोजित भंडारे में प्रसाद ग्रहण करते श्रद्धालु।

### मूर्ति स्थापना दिवस पर भंडारे का आयोजन

तिलहर, अमृत विचार : रस्तोगी धर्मशाला मंदिर में शुक्रवार को माता दुर्गा की मूर्ति स्थापना दिवस के अवसर पर भंडारे का आयोजन किया गया। भाजपा विधायक सहित हजारों लोग शामिल हुए। शुक्रवार सुबह से ही मंदिर परिसर में आयोजन कार्यक्रम और पूजा-अर्चना पंडित राम जी शास्त्री के सानिध्य में शुरू हो गई। शाम होते ही यहां आने वाले भक्तों के लिए भंडारे का आयोजन भी शुरू कर दिया गया। कार्यक्रम आयोजक व्यापार मंडल नगर अध्यक्ष सौरभ गुप्ता, रवि और अशोक रस्तोगी सर्राफ ने बताया कि प्रति वर्ष पूजा-अर्चना और भंडारे का आयोजन किया जाता है। इस दौरान भंडारे में तिलहर विधायक सलोना कुशवाहा, पूर्व ब्लॉक प्रमुख अभिनव शर्मा वीरू, अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के पूर्व जिला अध्यक्ष शीलेंद्र मोहन मिश्रा, पूर्व विधायक वीरेंद्र प्रताप सिंह मुन्ना, जिला पंचायत सदस्य पद के प्रत्याशी भोला यादव, राम लखन कुशवाहा, अंकित यादव, गोविंद मिश्रा, चंद्रकांता त्रिवेदी, माया देवी, कोतवाली प्रभारी जुगल किशोर पाल आदि मौजूद रहे।

# लोकतंत्र पर रखे विचार


जीएफ कॉलेज में आयोजित युवा संसद कार्यक्रम में छात्र-छात्राएं और मौजूद अतिथि।

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- जीएफ कॉलेज में विकसित भारत युवा संसद का आयोजन, राज्य स्तर पर प्रतिभाग का अवसर

**अमृत विचार:** जीएफ कॉलेज में शुक्रवार को जनपद स्तरीय 'विकसित भारत युवा संसद 2026' का आयोजन उत्साहपूर्वक हुआ।

कार्यक्रम युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, राष्ट्रीय सेवा योजना और माय भारत के संयुक्त तत्वावधान में हुआ। जिसका उद्देश्य युवाओं में लोकतांत्रिक मूल्यों और संवाद कौशल को विकसित करना रहा। हिंदी विभागाध्यक्ष प्रो. फैयाज़ अहमद ने कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों को लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं की व्यावहारिक समझ देते हैं। शुभांकर मिश्रा और जिला युवा अधिकारी मयंक भदौरिया ने युवाओं को राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया।

छात्र-छात्राओं ने आपातकाल के 50 वर्षः भारतीय लोकतंत्र के लिए सबक" विषय पर संसदीय शैली में वाद-विवाद किया। प्रतियोगिता में ऐनुल हुदा प्रथम, स्वर्णिमा गुप्ता द्वितीय और विनीत कुमार तृतीय रहे। सभी विजेता 7 से 9 अप्रैल 2026 तक विधानसभा में आयोजित राज्य युवा संसद में प्रतिभाग करेंगे। संचालन डॉ. निजामुद्दीन खान व दीपांशु ने किया, जबकि अंत में डॉ. रजा रसूल व डॉ. समन जेहरा जैदी ने आभार जताया।

### मेडिकल कॉलेज में मिलेगी एंडोस्कोपी की सुविधा

शाहजहांपुर, अमृत विचार : राजकीय मेडिकल कॉलेज में मरीजों को जल्द ही एंडोस्कोपी की सुविधा मिलेगी। करीब 18 लाख रुपये की मशीन लगाई जाएगी। जिसके बाद जांच के लिए मरीजों को निजी अस्पताल के दौड़ नहीं लगानी पड़ेगी। इस सेवा से गले, पेट, लिवर और गॉल ब्लैडर से संबंधित बीमारियों का पता चल जाएगा। मेडिकल कॉलेज में यह सुविधा न होने पर डॉक्टर अनुभव के आधार पर मरीजों को दवा लिखते थे। इस मशीन से मरीज के पेट में अंदर की जांच होगी। इससे यह पता चल जाएगा कि क्या बीमारी है। यह सुविधा शुरु होने से मरीजों को निजी अस्पताल की दौड़ नही लगानी पड़ेगी और पैसे की बचत होगी। प्राचार्य डॉ. राजेश कुमार ने बताया कि एंडोस्कोपी की सुविधा शीघ्र शुरु हो जाएगी।

# रामनवमी पर निकली भगवा बाइक रैली


हनुमतधाम में पूजन करते भक्त।


खुदागंज में निकली शोभायात्रा में शामिल श्रद्धालु। ● अमृत विचार

संवाददाता, खुदागंज

**अमृत विचार:** श्री राम जन्मोत्सव के अवसर पर विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं की ओर से भव्य भगवा बाइक रैली निकाली गई, जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालु और युवा शामिल हुए। रैली नगर के मुख्य मार्गों से होती हुई पक्का तालाब, जलालपुर, रामपुर नवदिया होते हुए देवी मंदिर पहुंची, जहां श्रद्धालुओं ने भव्य स्वागत किया। इसके बाद पक्का तालाब मुख्य चौराहे पर हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन किया गया। यात्रा के माध्यम से क्षेत्र में सांस्कृतिक एकता, अखंडता और धार्मिक आस्था का संदेश दिया गया तथा मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया गया। इस दौरान जिला सह मंत्री गुरपाल सिंह, जिला सहसंयोजक राजीव कश्यप, प्रखंड अध्यक्ष गोधन कश्यप, मोहित सिंह, मानवेंद्र सिंह, दिनेश सिंह, संतोष सिंह, प्रखंड मंत्री ज्ञानेंद्र शर्मा, देवेंद्र सिंह, नक्षत्र सिंह, अभिषेक जैन सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

### रामनवमी पर निकली भव्य शोभायात्रा

खुदागंज, अमृत विचार : रामनवमी के अवसर पर खुदागंज स्थित श्री राम मंदिर से भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में शामिल सुंदर झांकियों ने लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया। पूरे कार्यक्रम में श्रद्धा और उत्साह का माहौल बना रहा। इस अवसर पर पूर्व चेयरमैन सुधीर सिंह, सौरभ गुप्ता, राजेश सिंह चौहान, जगदीश गंगवार सहित कई लोग मौजूद रहे।

### हनुमतधाम में रामलला जन्मोत्सव में गूंजे जयकारे

शाहजहांपुर, अमृत विचार : हनुमतधाम विसरात घाट पर रामनवमी के अवसर पर रामलला का जन्मोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। मंदिर के गर्भ गृह में विराजमान राम दरबार में सीता माता और लक्ष्मण के साथ भक्तों ने दर्शन किए। वासंतिक नवरात्र की नवमी पर जिस समय अयोध्या में रामलला के श्री विग्रह पर सूर्य तिलक का लाइव प्रसारण हुआ, उसी समय मंदिर कमेटी की ओर से श्रीरामचंद्र का चरणाभिषेक कराया गया। बाल भोग अर्पित कर आरती की गई। पुजारी हरिमोहन वाजपेयी और जयप्रकाश वाजपेयी ने मंत्रोच्चार के साथ हनुमतधाम के अध्यक्ष विनोद अग्रवाल और अन्य कमेटी सदस्यों से पूजन कराया। कमेटी की ओर से लड्डू प्रसाद, चरणामृत और फलों का वितरण किया गया। भक्तों ने रामलला की जय और राजा रामचंद्र की जय के जयकारे लगाए। जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में मंदिर को फूलों, बिजली की झालरों और गुब्बारों से सजाया गया।

## न्यूज डायरी



### सुदामा- कृष्ण मिलन का प्रसंग सुन श्रोता भाव-विभोर

खुटार, अमृत विचार : खुटार-बंडा रोड तिकुनियां जाने वाले मार्ग पर प्राचीन आदिशक्ति मां पंथवारी मंदिर पर नवरात्र से चल रही श्रीमद् भागवत कथा का समापन गुरुवार देर रात हुआ। भक्त सुदामा और भगवान श्रीकृष्ण के मिलन का प्रसंग सुनाया गया। जिसे सुनकर श्रोता भाव विभोर हो गए। कथा समापन के बाद हवन पूजन व कन्या भोज का आयोजन किया गया। कथा व्यास उपासना शास्त्री ने कहा कि सुदामा और भगवान श्रीकृष्ण की मित्रता उनके गुरु संदीपन के आश्रम में हुई थी। एक साथ शिक्षा ग्रहण की। बाद में श्रीकृष्ण द्वारिका के राज सिंहासन पर विराजमान हुए। उधर, भक्त सुदामा का विवाह वसुंधरा से होने के बाद जीवन यापन करने लगे। सुदामा पत्नी और बच्चों के भरण पोषण को भिक्षा लेने जाते थे। एक दिन पत्नी के कहने पर सुदामा अपने बाल सखा मित्र श्रीकृष्ण से मिलने द्वारिका गए। भजनों पर श्रोताओं ने भक्ति के रस में डूबकर पुण्य की डुबकी लगाई। कमेटी प्रबंधक सत्यपाल गुप्ता, उनके बेटे सभासद विनय गुप्ता, गौरव गुप्ता ने कथा वाचकों को पकड़ी पहनाकर राधा कृष्ण का चित्र भेंट किया। सेवादारों ने प्रसाद वितरित किया। कमेटी के प्रबंधक, सांसद प्रतिनिधि सत्यपाल गुप्ता, यज्ञाचार्य पंडित राजकुमार शास्त्री, कमलेश शर्मा, कृपाशंकर, सत्यपाल गुप्ता समेत 11 यजमानों ने हवन में आहुति दी।



### दुर्गा देवी मंदिर कपाट खुले

कुर्रिया कलां, अमृत विचार : गांव कुर्रिया कलां स्थित प्रसिद्ध के कपाट शुक्रवार तड़के विधि-विधान से पूजा-अर्चना के बाद मंदिर के पुजारी गुरुदेव दीक्षित की ओर से सुबह लगभग चार बजे खोल दिए गए। कपाट खुलते ही मां दुर्गा के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। हर कोई सबसे पहले दर्शन करने को उत्सुक दिखा, जिससे मंदिर परिसर में भक्तों का रेला लग गया। पुलिस को काफी मशक्कत करनी पड़ी और चौकी इंचार्ज अपने हमराहियों के साथ लगातार मेले की निगरानी करते रहे। दूर-दराज से आए श्रद्धालु रात से ही मंदिर के बाहर कपाट खुलने का इंतजार कर रहे थे। जैसे ही कपाट खुले, श्रद्धालु जय माता दी के जयकारे लगाते हुए दर्शन के लिए उमड़ पड़े। मंदिर के बाहर प्रसाद की दुकानें सजी रहीं, जहां मिष्ठान, नारियल व अन्य सामग्री की बिक्री होती रही। दर्शन के बाद महिलाओं और बच्चों ने मेले में खरीदारी कर आनंद लिया। इसी दौरान समाजवादी पार्टी के नेता एवं पूर्व एमएलसी कुं. जयेश प्रसाद अपनी धर्मपत्नी नीलिमा प्रसाद, पुत्र जाग्रत प्रसाद और समर्थकों के साथ मंदिर पहुंचे और मां के चरणों में माथा टेककर आशीर्वाद लिया। वहीं ददरौल विधायक अरविंद सिंह ने भी प्रात :काल पहुंचकर पूजा-अर्चना की और क्षेत्रवासियों की सुख-समृद्धि की कामना की। प्रथम दिन प्रगतिशील किसान कौशल मिश्रा, मयंक दीक्षित सहित कई जनप्रतिनिधि और प्रशासनिक अधिकारी भी मौजूद रहे और माता के दर्शन किए।



### रामबाग गोशाला में झांकियों, मेले व आरती-पूजन से पूरे दिन रौनक

शाहजहांपुर, अमृत विचार : सरायकैया स्थित रामबाग गोशाला में शुक्रवार को रामनवमी का पर्व हर्षोल्लास से मनाया गया। इस अवसर पर गोशाला परिसर में विशाल मेले का आयोजन किया गया, जिसमें आसपास के दर्जनों गांवों से आए हजारों श्रद्धालुओं ने भाग लिया। सुबह से ही श्री रामलला के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी और दिनभर मंदिर परिसर में जय श्रीराम के जयकारे गूंजते रहे। सरायकैया मोहल्ले से राम, लक्ष्मण, भरत और शत्रुघ्न की झांकियां रामबाग स्थित मंदिर के लिए निकाली गईं, जो देर रात नाथ मंदिर होते हुए पुन : सरायकैया पहुंचीं। इस दौरान आतिशबाजी का भी आकर्षक नजारा देखने को मिला। गोशाला समिति की ओर से गायों का विशेष श्रृंगार किया गया और उन्हें गुड़ व लापसी का भोग लगाया गया। मेयर अर्चना वर्मा ने देव स्वरूपों की आरती की। संजय गुप्ता, सलाहकार सुरेश चंद्र गुप्ता, समाज सेवी संजीव गुप्ता, संजय कुमार गुप्ता, ठाकुर लल्ला सिंह, पंकज गुप्ता, संजय कनौजिया आदि मौजूद रहे।



### देवी झांकियों, नाटक और गीतों से दर्शकों का मन मोहा

सेहरामऊ दक्षिणी, अमृत विचार : कस्बा स्थित थाना परिसर में शुक्रवार को महिला मिशन शक्ति और नारी सुरक्षा अभियान के तहत कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें विकास खंड भावलखेड़ा की ग्राम पंचायत बेहटी स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय की छात्राओं ने देवी मां के नव स्वरूपों के साथ मां काली की झांकी प्रस्तुत की। बाल विवाह पर आधारित जीवंत नाटक और देशभक्ति गीत प्रस्तुत कर दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम की शुरुआत रामनवमी के अवसर पर कन्या भोज के साथ हुई। शाम करीब पांच बजे क्षेत्राधिकारी तिलहर ज्योति यादव और इशिका सिंह ने अभियान की शुरुआत करते हुए महिलाओं और बालिकाओं को अधिकारों के प्रति जागरूक किया। उन्होंने भिक्षावृत्ति और बाल विवाह जैसी कुप्रथाओं की रोकथाम में सहयोग करने की अपील करते हुए 1090, 1076 और 112 जैसे हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी। इस दौरान छात्रा कनिष्का के मां काली और प्रतिज्ञा पाल के रक्तबीज के अभिनय को देखकर मौजूद लोगों और पुलिस टीम ने तालियां बजाकर उत्साह बढ़ाया। कार्यक्रम में थाना प्रभारी उमेश कुमार मिश्र, नारी मिशन शक्ति अभियान की प्रभारी उप निरीक्षक मंजू चौधरी, सौरभ कुमार, सुरेश कुमार पटेल, महिला आरक्षी तनु गौड़, चंचल, विद्यालय की इंचार्ज वार्डन शशि शर्मा, अध्यापिका विनीता कुमारी, वंदना वर्मा, मृणालिनी मिश्रा सहित करीब 85 छात्राएं और स्टाफ मौजूद रहा।

**मिसाल** | चार वर्ष पहले लगभग सौ किलोग्राम वजन और थायराइड की समस्या से पीड़ित थी मानसी

# शादी में खर्च होने वाली रकम बिजनेस में लगा मानसी बनी आत्मनिर्भर

राशिद हुसैन, शाहजहांपुर

- दो साल पहले माता-पिता वर की तलाश में जुटे तो शादी से कर दिया इनकार
- अब महिलाओं को सुरक्षित वातावरण में हेल्थ और फिटनेस के दे रही टिप्स

**अमृत विचार :** थायराइड और मोटापे से निजात पाने के लिए जिले की मानसी ने दिल्ली में जिम ज्वाइन किया। कड़ी मेहनत के बाद उसने अपनी बीमारी पर काबू कर लिया। जब परिजनों ने बढ़ती उम्र के कारण उस पर शादी का दबाव डाला, तो उसने शादी करने से मना कर दिया। उसने शादी में खर्च होने वाले धन को कारोबार में लगाकर न केवल आत्मनिर्भरता की मिसाल पेश की बल्कि अपनी सेहत सुधार कर लोगों के लिए प्रेरणा भी बन गई।

शाहजहांपुर की मानसी मिश्रा अब लड़कियों के लिए एक आइडियल बन चुकी है। एक भाई और तीन बहनों में सबसे छोटी और परास्नातक व बीएड डिग्री प्राप्त करने के साथ ही यूजीसी नेट क्वालिफाइड मानसी शहर के मोहल्ला आनंदपुरम में रहने वाले रिटायर्ड फॉरेस्ट ऑफिसर आर्येंद्र मिश्रा व गृहणी सुमन मिश्रा की बेटी है। मानसी का चार वर्ष पहले लगभग 100 किलोग्राम वजन था और उसे थायरॉयड की गंभीर समस्या भी थी। जब वह अपनी बहन के पास दिल्ली गई। तो वहां उसने कुछ माह तक एक जिम में वर्क आउट किया। वजन कम करने के लिए मानसी ने खूब पसीना बहाया। इससे उसका वजन घटकर लगभग 60 किलोग्राम रह गया और थायराइड की समस्या बिल्कुल ठीक हो गई। माता-पिता दो साल पहले जब उसके लिए वर की तलाश में जुटे तो उसने अगले कुछ सालों तक विवाह न करने का निर्णय सुनाया। जीवन के इस महत्वपूर्ण मोड़ पर अपने सपनों को प्राथमिकता देने का निर्णय लिया। शादी पर बड़ी रकम खर्च करने के बजाय वह आत्मनिर्भर बनना चाहती थी। मानसी ने जो अनुभव प्राप्त किए थे। वह उनका फायदा शहर की किशोरियों और विवाहित महिलाओं को पहुंचाना चाहती थी। उसने माता-पिता से अनुरोध किया कि वे शादी के लिए जमा की गई धनराशि उसे दे दें, ताकि वह भविष्य स्वयं बना सके।

परिवार को शुरू में उसके विवाह न करने के निर्णय पर आश्चर्य हुआ, लेकिन बाद में माता-पिता ने उसके दृढ़ संकल्प और आत्मविश्वास को समर्थन देने के साथ ही कारोबार के लिए 10 लाख रुपये भी दे दिए। जिससे उसे आधुनिक फिटनेस केंद्र स्थापित करने में मदद मिली। इस क्षेत्र में शुरू में कई चुनौतियों का सामना करना पड़ा, जिनमें सामाजिक धारणाएं, वित्तीय जोखिम और पुरुष-प्रधान फिटनेस उद्योग में अपनी पहचान बनाना शामिल था। मानसी ने हर चुनौती को स्वीकार किया। अब वह अपने जिम की मालिक और सफल ट्रेनर है।


जिम में वर्कआउट करती मानसी मिश्रा।

### जिम में केवल महिला प्रशिक्षक की नियुक्ति

मानसी का मानना है कि महिलाओं को सुरक्षित वातावरण देना जरूरी है। कई महिलाएं पुरुष प्रशिक्षकों की उपस्थिति और अनुचित व्यवहार की आशंकाओं के कारण जिम जाने से हिचकिचाती हैं। मानसी के जिम में केवल महिला प्रशिक्षक की नियुक्ति की गई हैं, ताकि अधिक से अधिक महिलाएं अपने स्वास्थ्य और फिटनेस को प्राथमिकता दे सकें। उसके जिम में अभी करीब 50 घरेलू महिलाएं और जॉब वाली लड़कियां फिटनेस को चुस्त दुरूस्त बनाने के लिए पसीना बहा रही हैं।

## सिटी ब्रीफ

### युवती की बरामदगी को दिया ज्ञापन

**निगोही, अमृत विचार :** हिन्दू युवा वाहिनी ने शुक्रवार को थाना प्रभारी को ज्ञापन दिया। जिसमें बताया कि दूसरे संप्रदाय का युवक युवती को अगवा करके ले गया था। आरोपी ने दिल्ली में युवती के साथ दुष्कर्म किया था। युवती पर मानसिक दबाव बना परिवार से दूर रखा जा रहा है। मांग की है कि युवती की बरामदगी करके डॉक्टरी परीक्षण कराया जाए और आरोपी को गिरफ्तार किया जाए। ज्ञापन देने वालों में जिला अध्यक्ष दीपक त्रिपाठी, विक्रम सिंह, मंजीत वर्मा, विवेक वर्मा आदि थे।

### वांछित गिरफ्तार

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** सदर बाजार थाना क्षेत्र के मोहल्ला खलीलगर्वी निवासी राजाराम ने अभियुक्त नीलमणि निवासी मदराखेल चौक कोतवाली के खिलाफ विभिन्न धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। आरोप था कि नाजायज असलहा लेकर घर में घुसकर जान से मारने की धमकी देना। पुलिस ने आरोपी नीलमणी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से पौनिया और कारतूस बरामद किए है। पुलिस ने आरोपी का चालान कर दिया।

### पुजारी का शव मिला

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** सुजावलपुर गांव में स्थित मंदिर के एक कमरे में पुजारी का शव मिला। जलालाबाद के गांव सुजावलपुर में स्थित मंदिर में हरदोई के 85 वर्षीय पुजारी थे। वह करीब पांच साल से मंदिर में रह रहे थे। वह परिसर में बने एक कमरे में रहता था। गुरुवार की शाम लोगों ने देखा कि वह कमरे में मृत अवस्था में पड़े है। सूचना पर जलालाबाद प्रभारी निरीक्षक राजीव सिंह मंदिर पहुंचे और जानकारी करने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। रिपोर्ट के अनुसार पुजारी की बीमारी से मौत हुई है।

# अंतिम संस्कार से इनकार उपकेंद्र पर शव रख प्रदर्शन

## भगवानदास की पत्नी को नौकरी, आवास व मुआवजे की मांग

- **पुलिस-प्रशासन और बिजली विभाग के अधिकारियों की कड़ी मशक्कत के बाद राजी हुए परिजन**

संवाददाता, खुटार



परिजनों से वार्ता करते सीओ पुवायां। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** एचटी लाइन की चपेट में आए भगवानदास की मौत होने के मामले में शुक्रवार को परिजनों ने अंतिम संस्कार करने से इनकार कर दिया। पुलिस-प्रशासन और बिजली विभाग के अधिकारी परिवार को मनाने में जुटे रहे। काफी मशक्कत के बाद पत्नी को आवास में रहने, पांच लाख रुपये और संविदा पर नौकरी दिलाने का आश्वासन के बाद परिजनों ने विद्युत उपकेंद्र के समीप अंतिम संस्कार कर दिया है।

पीलीभीत के कस्बा पूरनपुर के गांव मोहनपुर गोविंदपुर निवासी भगवान दास (40) खुटार विद्युत उपकेंद्र पर रहकर लाइनमैन के साथ काम करते थे। 26 मार्च की सुबह करीब आठ बजे गांव भटनौसा निवासी संजय त्रिवेदी के यहां मोटर की एलटी लाइन सही करने भगवानदास गए थे। साथ में नगर के मोहल्ला पटवा वार्ड निवासी लाइनमैन संजय, कोट निवासी छोटे, विद्युत उपकेंद्र पर रह रहे लाइनमैन गौरव थे। भगवान दास लाइन को सही करने के लिए खंभे पर चढ़े थे।

एचटी लाइन का तार भगवानदास को छू गया। इससे वह झुलसकर खंभे से नीचे गिर गए। सीएचसी में डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया था। अनुराग ने आरोप लगाया था कि बिजली लाइन संभालने के दौरान कर्मचारियों ने शटडाउन नहीं लिया था। भाईको खंभे पर चढ़ा दिया था। पुलिस ने अनुराग की तहरीर पर दो लाइनमैन, खेत स्वामी सहित चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की थी। शुक्रवार सुबह छह बजे परिजनों ने खुटार विधुत उपकेंद्र पर शव रखा और पत्नी को नौकरी, मुआवजा, आवास व लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों पर कार्रवाई की मांग की।

खुटार थाना प्रभारी श्यामवीर सिंह और बिजली विभाग के अधिकारी परिजनों को मनाने में जुटे रहे। एसडीओ मुनीश सिंह, नायब तहसीलदार जगत मोहन जोशी, सीओ प्रवीण मलिक, विद्युत विभाग पुवायां प्रखंड के एक्सईएन पुनीत निगम ने बातचीत की। कई घंटे वार्ता हुई। सीओ प्रवीण मलिक, एक्सईएन पुनीत निगम ने आश्वासन दिया कि जल्दी परिवार को मुआवजा देने और पत्नी को नौकरी, बच्चों के बालिक होने तक खुटार विद्युत केंद्र पर सरकारी आवास में रहने दिया जाएगा। आश्वासन के बाद परिजन शांत हुए और अंतिम संस्कार कर दिया गया।

### थाना प्रभारी बोले, जब तक शिशु गृह में काम करो

भगवान दास की पत्नी मुनीषा देवी और बच्चों पर रोजी-रोटी के लिए संकट खड़ा हो गया है। शुक्रवार को चार बिंदुओं की मांग को पूरा करने पर अधिकारियों की बात मानने की हामी भरी। इस बीच थाना प्रभारी श्यामवीर सिंह ने कहा कि जबतक खुटार थाने में शिशु गृह में काम करो। नौकरी मिलने के बाद छोड़ देना।

# रेलवे ट्रैक किनारे मिले युवक की 19 घंटे बाद शिनाख्त

संवाददाता, खुटार

- **20 मार्च को उत्तराखंड में काम करने की बात कहकर घर से निकला था भोलानाथ**
- **सोशल प्लेटफॉर्म के माध्यम से घटना की जानकारी के बाद मां और बेटे ने की पहचान**

**अमृत विचार:** लखनऊ जंक्शन से होते हुए पीलीभीत जंक्शन जाने वाली रेलवे लाइन किनारे खुटार इलाके में युवक का शव मिलने के 19 घंटे बाद उसकी शिनाख्त भोलानाथ के नाम से हुई है। पुलिस ने परिजनों से पूछताछ की। शव लेने परिजन शाहजहांपुर रवाना हो गए। लिखापढ़ी के बाद परिजनों को शव सौंप दिया गया है।



मृतक भोलानाथ।

जनपद लखीमपुर खीरी के थाना खीरी के गांव कुर्रेयाऑल निवासी भोलानाथ (38) पुत्र नारायण प्रांत उत्तराखंड के शहर रुद्रपुर के काशीपुर में एक कंपनी में काम करते थे। 20 मार्च को काम करने की बात कहकर भोलानाथ घर से निकले थे। 26 मार्च को पीलीभीत के सेहरामऊ उत्तरी रेलवे स्टेशन और अकेला हाल्ट के बीच खुटार के गांव बाजपुर मुजफ्ता के पास ट्रैक किनारे भोलानाथ का शव क्षत विक्षत पड़ा मिला था। लोगों की



पीएम हाउस पर गमगीन भोलेनाथ की मां व बेटा सूरज।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने युवक के बारे में जानकारी जुटाने का प्रयास किया था। बावजूद इसके शिनाख्त नहीं हो पाई थी। पुलिस ने शव मोर्चरी में रखवा दिया था। सोशल प्लेटफॉर्म पर खबर फैली तो परिजनों को जानकारी हुई। शुक्रवार को युवक की मां रामश्री, बेटा सूरज परिजनों के साथ खुटार थाने पहुंचा और पुलिस से जानकारी ली। बाद में परिजन शाहजहांपुर पहुंचे। जहां शव की शिनाख्त भोलानाथ के नाम से की। परिजनों ने बताया कि भोलानाथ को घर से निकले करीब सात दिन हो चुके हैं। भोलानाथ यहां कैसे पहुंचे। इस बात की किसी को खबर नहीं है। चर्चा है कि चलती ट्रेन से भोलानाथ नीचे गिर और यह हादसा हो गया। शुक्रवार को पोस्टमार्टम के बाद परिजन शव लेकर घर चले गए। भोलानाथ की पत्नी बिटाना, पुत्र प्रदीप, सूरज, बेटी काजल, मां रामश्री का रो-रोकर बुरा हाल है।

## युवक ने खुद को गोली मारी, हालत गंभीर

**बंडा, अमृत विचार:** मोहल्ला गुरुनानक कॉलोनी निवासी परमजीत सिंह उर्फ फौजी के पुत्र अवतार सिंह उर्फ बिट्टू (40) ने शुक्रवार शाम करीब पांच बजे खुद को गोली मार ली। बताया जा रहा है कि वह लंबे समय से मानसिक रूप से बीमार चल रहे थे। घटना के समय उसने दूसरी मंजिल पर बने कमरे में खुद को बंद कर लिया और अपनी लाइसेंसी पिस्टल से कनपटी पर गोली चला दी। आवाज सुनकर परिजन दौड़कर कमरे में पहुंचे और उसे गंभीर हालत में लेकर बंडा के सरकारी अस्पताल पहुंचे, जहां से हालत नाजुक होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। थाना प्रभारी प्रदीप कुमार राय ने बताया कि घायल को जिला अस्पताल भेजा गया है।

# फर्जी मार्कशीट देने का आरोपी गिरफ्तार

- **पुलिस एक आरोपी को पकड़ चुकी, अन्य की तलाश**

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** पुवायां पुलिस ने फर्जी पैरामेडिकल कॉलेज संचालित कर छात्रों को कूटरचित अंकतालिका प्रदान करने के आरोप में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अन्य की तलाश कर रही है।

पुवायां थाना क्षेत्र के कस्बा पुवायां निवासी कमलदीप शुक्ला ने कोर्ट के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि अभियुक्त बीके सिंह उर्फ बाल किशोर सिंह, संतोष पाठक, श्याम शेरवानी निवासी वृंदावन कालोनी, लखनऊ, धनंजय निवासी मऊ तथा रामहरि यादव निवासी एमएलडीए कालोनी लखनऊ के खिलाफ विभिन्न धाराओं में रिपोर्ट दर्ज करायी थी। आरोप है कि धोखाधड़ी कर उसे वीके सिंह पैरामेडिकल एंड नर्सिंग कॉलेज बरेली मोड़ चौक कोतवाली में मैनेजर पद पर तैनाती कराने तथा विद्यार्थियों के फर्जी एडमिशन कराने कराने के संबंध में मुकदमा दर्ज किया गया था। विवेचक ने साक्ष्यों के आधार पर अभियोग में विभिन्न धाराएं बढ़ाई थी। पुलिस पहले आरोपी वीके सिंह निवासी देवरिया को गिरफ्तार कर चुकी थी। अन्य आरोपियों की तलाश कर रही थी। पुवायां पुलिस ने फरार आरोपी संतोष पाठक को डीपीएस स्कूल के पास गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस आरोपी का चालान कर दिया। पुलिस अन्य आरोपियों की तलाश कर रही है। गिरफ्तार करने वाली टीम में वरिष्ठ उप निरीक्षक राकेश सिंह, सिपाही पूरनलाल आदि थे।

### जानलेवा हमले के दो आरोपी गिरफतार

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** मदनापुर के उप निरीक्षक सचिन राणा ने बताया कि आरोपी 27 मार्च को आरोपी ज्ञानेंद्र सिंह और अंकित सिंह निवासी नया गांव नरायनपुर थाना मदनापुर के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस ने आरोपी ज्ञानेंद्र सिंह और अंकित सिंह को वरुआ नखासे से गिरफ्तार कर चालान कर दिया।

# दुर्घटना में घायल युवक की मौत

संवाददाता, खुटार

**अमृत विचार:** मार्ग दुर्घटना में घायल मोहल्ला गांधीनगर निवासी इबरार अली के पुत्र इजहार अली (22) की शुक्रवार को इलाज के दौरान मौत हो गई। परिजनों ने बिना पुलिस को सूचना दिए अंतिम संस्कार कर दिया है।



मृतक इजहार अली।

परिजनों ने बताया कि 21 मार्च की रात करीब दस बजे गांव नगरा मोड़ के फ्लाई ओवर के पास पुलिस को गश्त के दौरान इजहार घायल अवस्था में मिला था। पुलिस ने एंबुलेंस से घायल इजहार अली को खुटार सीएचसी में भर्ती कराया था। डॉक्टर ने हालत नाजुक देख उसे जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया था। लेकिन कोई लाभ नहीं होने के बाद परिजन उसे जनपद बरेली के निजी अस्पताल लेकर चले गए थे। करीब सात दिनों से इलाज चल रहा था। शुक्रवार दिन में ग्यारह बजे घायल इजहार अली की उपचार के दौरान मौत हो गई। इबरार अली ने बताया कि उनका इकलौता बेटा था। किराने की दुकान पर नौकरी करता था। इससे घर का खर्च चलता था। मृतक की बहन कमर जहां, मैसर जहां, केसर जहां की शादी हो चुकी है। इजहार अली की मां मोबीन बेगम व अन्य परिजनों का रो-रोकर हाल है। उधर, परिजनों ने शव को दफन कर दिया है। थाना प्रभारी श्यामवीर सिंह ने बताया कि परिजनों ने सूचना नहीं दी है। सूचना मिलती है तो पोस्टमार्टम कराया जाएगा।

### डीसीएम की टक्कर से बाइक सवार की मौत पत्नी सहित दो घायल

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** शुक्रवार की दोपहर बाइक पर सवार गांव नगरिया थाना मझिला हरदोई निवासी निजामुद्दीन अपनी पत्नी आजरा बानो और दो बच्चों के साथ बाइक से वनका गांव की ओर से आ रहे थे। उचौलिया में उसने अपनी बाइक हाईवे पर मोड़ी। हाईवे पर किनारे उचौलिया थाना के गांव कटिघरा निवासी फारूख बाइक लेकर खड़े थे। इसी बीच सीतापुर की ओर से ऑक्सीजन सिलेंडर लेकर तेज गति से आ रही डीसीएम ने दोनो बाइकों में टक्कर मार दी। टक्कर लगने से तीनों लोग घायल हो गये। पुलिस ने घायलों को एनएचएआई की एंबुलेंस से एक निजी अस्पताल भेज दिया। डाक्टर ने निजामुद्दीन को मृत घोषित कर दिया, जबकि अन्य लोगों का उपचार चल रहा है। मृतक की पत्नी आजरा बानो गंभीर हालत में भर्ती हैं। दोनों बच्चियों को कोई चोट नहीं आई।

### रोडवेज बस व ट्रैक्टर की टक्कर, दोनों वाहन क्षतिग्रस्त, वाहन चालक घायल

**मीरानपुर कटरा, अमृत विचार :** लखनऊ-दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग पर शुक्रवार सुबह करीब 5 बजे एक सड़क हादसा हो गया। चौधरी ढाबे के सामने दिल्ली से सीतापुर जा रही रोडवेज बस और ट्रैक्टर में आमने-सामने जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसे में दोनों वाहन चालकों की हालत गंभीर बताई जा रही है। रोडवेज बस चालक विजय कुमार निवासी ग्राम पडेरिया थाना पिसारां जनपद सीतापुर बस को दिल्ली से सीतापुर लेकर जा रहे थे। बस में उस समय केवल दो यात्री सवार थे। परिचालक जय दिव्य कुमार ने बताया कि बस में भीड़ न होने के कारण बड़ा हादसा टल गया। ट्रैक्टर चालक अंकित गंगवार पुत्र सुमेर चंद्र, निवासी मोहल्ला तहवर गंज कटरा, सुबह ट्रैक्टर में थ्रेसर जोड़कर सरसों की फसल कटाई के लिए खेत पर जा रहे थे। इसी दौरान सामने से आ रही बस को बचाने के प्रयास में दोनों वाहनों की तेज टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बस का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया, जबकि ट्रैक्टर दो हिस्सों में टूट गया। घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) कटरा पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर हालत को देखते हुए राजकीय मेडिकल कॉलेज शाहजहांपुर रेफर कर दिया गया।

## 24 घंटे में चोरी का खुलासा बाइक सहित दो शातिर दबोचे

संवाददाता, पुवायां

**अमृत विचार:** पुलिस ने बाइक चोरी की घटना का महज 24 घंटे में खुलासा कर दो शातिर चोरों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों के कब्जे से चोरी की गई स्प्लेंडर प्लस बाइक भी बरामद कर ली गई है।

मोहल्ला देवस्थान निवासी सोवरन की बाइक 26 मार्च को मंदिर परिसर के पास से चोरी हो गई थी। पीड़ित की तहरीर पर थाना पुवायां में मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू की। मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस टीम को सक्रिय किया गया। इसी क्रम में रामनवमी के दृष्टिगत चल रही सघन चेकिंग के दौरान नाहिल रोड स्थित गुदनी मोड़ पर पुलिस को बिना नंबर प्लेट और बिना हेलमेट बाइक सवार दो युवक संदिग्ध अवस्था में आते दिखाई दिए। पुलिस ने घेराबंदी कर दोनों को मौके पर दबोच लिया। पूछताछ में आरोपियों ने अपनी पहचान राज कश्यप निवासी कुरगंजा और अजय कुमार निवासी छावनी के रूप में बताई। बाइक की जांच करने पर वह चोरी की ही निकली। सख्ती से पूछताछ में दोनों ने चोरी की वारदात कबूल कर ली। पुलिस ने दोनों को न्यायालय में पेश कर दिया है।

### वाहन चोर गिरोह सक्रिय, दो स्थानों से बाइक चोरी

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** जिले में वाहन चोर गिरोह सक्रिय है। सदर बाजार थाना क्षेत्र के मोहल्ला एमनजई जलालनगर निवासी अमन कुमार ने बताया कि 16 मार्च की सुबह साढ़े नौ बजे बरेली मोड़ पर स्थित इंडियन बैंक के बाहर बाइक खड़ी कर दी थी। वह काम करने के लिए बैंक में चला गया। वह शाम छह बजे बैंक में काम करके बाहर आया तो उसकी बाइक गायब मिली। वह बाइक की तलाश करता रहा ओर बाइक नहीं मिली। चौक कोतवाली पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ बाइक चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। इधर पुवायां थाना क्षेत्र के मोहल्ला देवस्थान निवासी सोवरन ने बताया कि उसकी कस्बा में दुकान है। गुरुवार की दोपहर एक बजे दुकान के सामने मंदिर के पास उन्होंने बाइक खड़ी कर दी। उन्होंने शाम को देखा कि बाइक नहीं खड़ी है। उन्होंने मंदिर परिसर में बाइक की तलाश की और नहीं मिली। इधर जिले में तीन माह में एक दर्जन से अधिक बाइकें चोरी हो गयी है। अधिकांश बाइकें अस्पताल, मैरिज लाइन, घर के बाहर, मैरिजलान से चोरी हुई है। वाहन चोरी की वारदातें आए दिन घटित हो रही है। एसपी ने क्राइम मीटिंग में वाहन चोरी की वरदातों को लेकर निर्देश दिए थे कि वाहन चोरों को गिरफ्तार किया जाए और वाहन चोरी की वारदातों पर अंकुश लगाया जाए।

## वीरेश हत्याकांड में छठा आरोपी गिरफ्तार

**जैतीपुर, अमृत विचार:** गढ़िया रंगीन पुलिस ने महाशिवरात्रि पर हुए वीरेश सिंह हत्याकांड में फरार चल रहे छठे आरोपी चंदन सिंह को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसे गोगेपुर रोड स्थित शिव मंदिर के पास से पकड़ा।

घटना 15 फरवरी को थाना गढ़िया रंगीन क्षेत्र के गांव खमरिया में हुई थी, जब वीरेश सिंह गोगेपुर के प्राचीन शिव मंदिर पर जल चढ़ाने जा रहे थे। तभी भाई और भतीजों ने उनकी कार को टक्कर मारकर रोक लिया था। कार से उतरते ही भतीजों ने गोली मारकर उनकी हत्या कर दी थी। इस मामले में प्रशांत की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया था। घटना के अगले दिन ही पुलिस ने पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। शुक्रवार को मुखबिर की सूचना पर पुलिस को पता चला कि वांछित आरोपी चंदन सिंह शिव मंदिर के पास मौजूद है। पुलिस ने घेराबंदी की और उसे पकड़ लिया। थाना प्रभारी निरीक्षक हरकेश सिंह ने बताया कि एक अन्य आरोपी सुरजीत सिंह अभी फरार है, जिसकी तलाश जारी है और उसे जल्द गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।




## न्यूज ब्रीफ

### चोरी की बाइकों के साथ चार लोग गिरफ्तार

**बदायूं, अमृत विचार** : वाहन चेकिंग के दौरान सिविल लाइन पुलिस ने चार लोग दातागंज क्षेत्र के गांव कोल्हाई निवासी गौरव पुत्र मुनीश, सूरज पुत्र कालीचरण, गांव डहरपुर कलां निवासी विजय व अजय पुत्र सुनील को गिरफ्तार किया है। उनके पास से चोरी की गईं चार बाइकें भी बरामद हुईं। आरोपियों को जेल भेजा गया है।

### शांतिभंग में 12 आरोपी गिरफ्तार, जेल भेजे

**बदायूं, अमृत विचार** : सहसवान पुलिस ने शांतिभंग करने के 12 आरोपियों को गिरफ्तार किया। उपनिरीक्षक रामवीर सिंह, सिपाही उमाशंकर, अजीत कुमार, गौरव कुमार, राजेश कुमार, बंटी ने आरोपी गांव हिंडौर, अमनपुर, नगला चोई, भवानीपुर निवासी शुभान, शोएब, कामरान, आरिस, अरशद, असलम, साबिर, कमर, भूरे, सालिम, दानिश, रागिर को गिरफ्तार करके जेल भेजा।

### धमकी मिलने पर पुलिस ने की डाकघरों की जांच

**बदायूं, अमृत विचार** : तमिलनाडु की समस्याओं को लेकर किसी व्यक्ति ने शुक्रवार को मेल करके बरेली स्थित क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय और विभिन्न डाकघर व पासपोर्ट कार्यालयों को बम से उड़ाने की धमकी दी गई थी। जिसके चलते पुलिस टीमों और एस चेक टीम ने डाकघर में जांच की। इस दौरान किसी भी प्रकार की संदिग्ध वस्तु व धमकी के दृष्टिगत कोई अवैध सामग्री नहीं मिली। साइबर सेल ई-मेल की जांच कर रही है।

### तीन घंटे बिजली गुल पचास हजार लोग परेशान

**बदायूं, अमृत विचार** : शुक्रवार शाम को बीस गांवों में बिजली तीन घंटे तक गुल रही जिससे पचास हजार से अधिक उपभोक्ता परेशान रहे। बिजली घर से सप्लाई क्यों रोकी गई इसकी जानकारी नहीं दी गयी। शुक्रवार शाम पांच बजे से पहले ही ढाक वाली जियारत स्थित बिजली घर से बिजली सप्लाई गुल हो गयी जिससे इस बिजली घर से जुड़े गांव और कुछ शहरी क्षेत्र के उपभोक्ताओं को भारी परेशानी हुई। ग्रामीणों ने बताया कि शाम पांच बजे अचानक बिजली गुल हो गयी। जिससे शहरी क्षेत्र के मंडी समिति, मझिया रोड, बालाजी नगर, सहित कई मोहल्लों में अंधेरा रहा। इसी तरह ग्रामीण इलाकों में गांव रसूलपुर, सिमरिया, सूरजपुर, दौरी, सूरजपुर, झंडपुर, नरोत्तमपुर, सहित बीस गांवों में अंधेरा छा गया। लोग बिजली घर पर फोन करते रहे लेकिन किसी ने फोन रिसीव नहीं किया। तीन घंटे बाद आपूर्ति सुचारू की गयी।

---

दो चरणों में अभियान के दौरान स्कूल छोड़ चुके बच्चों का कराया जाएगा प्रवेश

# आउट ऑफ स्कूल बच्चों के लिए चलेगा विशेष अभियान

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- बीएसए और बीईओ करेंगे निगरानी

> आउट ऑफ स्कूल बच्चों को स्कूल तक लाने के लिए विशेष अभियान चलाया जाएग। जिसमें किन्हीं कारणों से पढ़ाई छोड़ चुके बच्चों का नामांकन कराने पर जोर रहेगा। अभियान को लेकर रूपरेखा तैयार कर ली गई है। – **वीरेंद्र कुमार सिंह**, बीएसए

**अमृत विचार**: एक अप्रैल से नया शैक्षिक सत्र शुरू हो रहा है। नए शैक्षिक सत्र में अधिक से अधिक बच्चों का नामांकन कराने पर शिक्षा विभाग को जोर रहेगा। नए शैक्षिक सत्र के दौरान हर बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने को अभियान चलाया जाएगा। जिसमें आउट ऑफ स्कूल बच्चों को प्रवेश देने की हर संभव कोशिश की जाएगी। अभियान के दौरान किन्हीं कारणों से स्कूल छोड़ चुके बच्चों का स्कूल प्रवेश दिलाया जाएगा। इस अभियान की निगरानी बीएसए और बीईओ के द्वारा की जाएगी।

परिषदीय स्कूलों में अध्ययनरत बच्चों को निशुल्क शिक्षा के साथ ड्रेस, स्वेटर, जूते मोजे के साथ अन्य सामग्री खरीदने के लिए डीबीटी के माध्यम से 12 सौ रुपए अभिभावकों के खातों में भेजे जाते हैं। लेकिन लोग परिषदीय स्कूलों की ओर से मुंह मोड़ रहे हैं। जिसके चलते हर साल बच्चों की संख्या कम हो रही है। स्कूलों में कम होती बच्चों की संख्या और समाज की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए शिक्षा विभाग द्वारा विशेष अभियान चलाया जाएगा। नए सत्र को लेकर विभाग की ओर से तैयारी शुरू हो गई है। इसमें उन बच्चों पर जोर दिया जाएगा, जो किन्हीं कारणों से पढ़ाई नहीं कर पा रहे हैं। ऐसे आउट ऑफ स्कूल बच्चों को प्रवेश दिलाया जाएगा। इसके लिए दो चरण में पहला चरण एक से 15 अप्रैल तक और दूसरा चरण एक से 15 जुलाई तक चलेगा। इसके तहत शत-प्रतिशत नामांकन व एक से दूसरी कक्षा में ट्रांजिशन (निरंतरता) पर विशेष फोकस किया जाएगा। वहीं, संबंधित अधिकारियों के उत्तरदायित्व भी तय किए गए हैं। इसके अलावा तीन साल के शत-प्रतिशत बच्चों का आंगनबाड़ी-बाल वाटिका में, छह साल के शत-प्रतिशत बच्चों का कक्षा एक में, 7 से 14 साल के सभी ड्रॉप आउट व आउट ऑफ स्कूल बच्चों का विद्यालयों में नामांकन कराया जाएगा। इसी तरह आंगनबाड़ी से कक्षा एक में, कक्षा पांच से छह में, कक्षा आठ से नौ में और कक्षा 10 से 11वीं में शत-प्रतिशत नामांकन कराकर उनकी पढ़ाई की निरंतरता बनाई जाएगी।

### अधिकारियों और शिक्षकों को सौंपी गई जिम्मेदारी

आउट ऑफ स्कूल बच्चों के लिए चलाए जाने वाले विशेष अभियान को सफल बनाने के लिए शिक्षकों और संबंधित विभागों के अधिकारियों को डीएम की ओर से जिम्मेदारी तय कर दी गई है। आंगनबाड़ी केंद्रों पर बच्चों का प्रवेश कराने के लिए आशा कार्यकर्ता, आंगनबाड़ी, ईसीसीई एजुकेटर, मुख्य चिकित्साधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी को जिम्मेदारी की गई है। वहीं कक्षा से 10 तक के बच्चों को स्कूल तक लाने के लिए शिक्षक, बीएसए, डीआईओएस को जिम्मेदार बनाया गया है। अभियान के क्रियान्वयन के लिए डीआईओएस और बीएसए विद्यालयों के प्रधानाचार्य व शिक्षकों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए हैं।

### आरटीई के तहत तीसरे चरण में हुए 1350 आवेदन

**बदायूं, अमृत विचार** : शिक्षा का अधिकार अधिनियम (आरटीई) का तीसरा चरण चल रहा है। अंतिम चरण में 1350 आवेदन बेसिक शिक्षा विभाग को मिले हैं। 27 को रामनवमी का अवकाश होने की वजह से 28 को लॉटरी निकाली जाएगी। जिसमें डीएम बच्चों को स्कूल आवंटित करेंगे। प्रथम व दूसरे चरण के बच्चों के स्कूलों में प्रवेश की प्रक्रिया चल रही है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी वीरेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि निजी स्कूलों में 25 प्रतिशत सीटों पर गरीब परिवारों के बच्चों को प्रवेश दिलाया जाता है। आरटीई के तहत तीन चरणों में 865 स्कूलों में आवेदन करने के बाद पात्र मिलने वाले बच्चों के प्रवेश की प्रक्रिया चल रही है। तीसरे और अंतिम चरण में आखिरी तिथि तक कुल 1350 आवेदन हुए हैं। इन को लॉटरी के माध्यम से स्कूल आवंटित किए जाएंगे। लॉटरी 27 को निकाली जानी थी। लेकिन अवकाश होने की वजह से आज निकाली जाएगी। बताया कि इससे पूर्व प्रथम और दूसरे चरण में 7,267 हुए थे। इनमें सत्यापन के बाद 4,155 बच्चों को लॉटरी के माध्यम से स्कूल आवंटित किए गए हैं।

### स्कूलों को बनाया जाएगा आकर्षक

नए शैक्षिक सत्र में स्कूलों को आकर्षक बनाया जाएगा। डीआईओएस और बीएसए ने शिक्षकों को निर्देश जारी किए हैं कि नए सत्र में स्कूलों में साफ-सुथरा कर उन्हें आकर्षक बनाया जाए। सत्र के पहले दिन बच्चों का स्वागत किया जाए। अभियान में बालिकाओं, दिव्यांग, झुग्गी-झोपड़ी व ईट-भट्ठों में रहने वाले बच्चों पर विशेष रूप से फोकस किया जाए।

---

# पांच दिन से पानी को तरस रहे लोग

ब्लॉक जगत के कई गांवों में बनाए गए ओवरहेड टैंक, सड़के खोद दी लेकिन नहीं आया पानी

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार** : हर घर जल योजना के तहत गांवों में बनाए गए जल शक्ति मिशन के ओवरहेड टैंकों से ग्रामीणों को कोई लाभ नहीं मिल रहा है। ब्लॉक जगत के कई गांवों में पांच दिन से ग्रामीण बूंद बूंद पानी को तरस रहे हैं। पानी नहीं मिलने से लोगों को भारी परेशानी हो रही है।

विकासखंड जगत के ग्राम सूरजपुर, झंडापुर उदमई, कुतरई सहित अनेक गांवों में जल शक्ति मिशन के तहत हर घर जल पहुंचाने को ओवरहेड टैंक बना दिए हैं घर घर तक पानी की पाइप लाइन डाल दी गयी है। सड़क खोदकर पाइप लाइने को दो तीन बार चेक किया जा चुका है। लेकिन सप्लाई नहीं दी जा रही है। ग्राम झंडापुर में करीब बीस दिन से पानी की सप्लाई दी जा रही थी। पानी मिलने से ग्रामीण खुश थे। सुबह शाम पानी दिया जाता था। जिससे घरेलू कामकाज के साथ ही पशुओं को पानी पिलाने को मिल जाता था। लेकिन पिछले पांच दिन से ग्रामीण पानी को तरस रहे हैं। अब पानी नहीं दिया जा रहा है। लोग इधर उधर से पानी ढो रहे हैं। अधिकांश घरों में ओवरहेड टैंक का पानी ही आता है। नवरात्र में केवल तीन दिन पानी आया। जबकि पिछले पांच दिन से पानी के लिए ग्रामीण तरस रहे हैं।



जल शक्ति मिशन का ओवरहेड टैंक।

पानी नहीं मिलने से कई तरह की परेशानियां सामने आ रही हैं। घरों में खाना बनाने को भी पानी नहीं मिल पा रहा है। सुबह नौ बजे पानी की सप्लाई दी जाती थी। सवाल पूछने पर कोई जवाब नहीं दिया गया है।

उधर ग्राम उदमई ग्राम पंचायत में दो गांव लगते हैं जिसमें कुतरई और उदमई शामिल हैं। इन दोनों गांवों में पानी की किल्लत बनी हुई है। ग्रामीणों का कहना है कि कुछ दिन पाइप लाइन चेक करने को पानी सुबह शाम दिया गया। जब सब कुछ ठीक हो गया तो सप्लाई नहीं दी जा रही है। जिससे लोगों को परेशानी हो रही है। अब लोग ओवरहेड टैंक के पानी पर ही निर्भर हो चुके हैं जिससे ग्रामीणों को परेशानी हो रही है। ग्राम सूरजपुर में भी पानी का संकट बना हुआ है। करीब आठ सौ की आबादी वाला यह गांव पानी के लिए परेशान हैं। लेकिन पानी नहीं मिल पा रहा है।

### शीतल प्याऊ मशीन खराब, मरीज परेशान





**बदायूं, अमृत विचार** : जिला अस्पताल में तीन स्थानों पर शीतल जल प्याऊ लगाए गए हैं। एक एनआरसी वार्ड के ठीक सामने है। इव प्याऊ से एनआरसी वार्ड, हड्डी वार्ड, डायलिसिस यूनिट और मलेरिया बुखार वार्ड के मरीज पानी लेते हैं। साथ ही तीमारदार और अस्पताल का स्टाफ भी पानी लेता है। ठंडा पानी पीने को लोग इधर उधर से भी आते हैं। लेकिन इस प्याऊ में लगी मशीन कई दिनों से खराब है जिससे प्याऊ से पानी नहीं मिल रहा है। एनआरसी वार्ड में एक महिला ने शुक्रवार को बताया कि यह मशीन कई दिन से बंद है। जिससे मरीजों तीमारदारों को अस्पताल के मुख्य गेट के निकट से पानी लाना पड़ता है। इसी तरह हड्डी वार्ड में भर्ती मरीजों के परिजनों से बताया कि यहां पर पानी की बहुत किल्लत है। मशीन खराब होने से पानी ठंडा नहीं हो रहा है जिससे मशीन बंद है। जिला अस्पताल सीएमएस डॉ .अमित वार्ष्णेय ने बताया कि एनआरसी वार्ड के सामने शीतल जल प्याऊ है इसमें कुछ तकनीकी कमी के चलते पानी नहीं आ रहा है। बहुत जल्द मशीन चालू करा दी जाएगी उसके बाद मरीजों व अन्य लोगों को ठंडा पानी मिलेगा।

### हैंडपंप से आ रहा पीला पानी

सूरजपुर निवासी शंकरलाल ने बताया कि उनके घर में हैंडपंप हैं जिससे पीला पानी आता है। इसलिए लोग हैंडपंप का पानी नहीं लेते हैं। यह पानी पशुओं को भी नहीं पिलाया जाता है। पीला और गंदा पानी होने से लोगों को बीमारियों का खतरा बना हुआ है। इसलिए हैंडपंप से पानी नहीं लिया जा रहा है। गांव में कुछ लोगों के घरों में समसर्विल हैं जिनसे अन्य लोग भी पानी ले रहे हैं। जबकि अधिकांश ग्रामीण ओवरहेड टैंक के पानी पर ह निर्भर हो चुके हैं जो अब परेशानी का कारण बनता जा रहा है।

---

## सरकारी शव वाहन नहीं मिलने पर चंदा कर गांव पहुंचाया शव

- तीन साल की बच्ची की जिला अस्पताल में हुई थी मौत

**बदायूं, अमृत विचार** : कुंवरगांव क्षेत्र के गांव की बच्ची की जिला अस्पताल में मौत हो गयी। पीड़ित परिवार को सरकारी एम्बुलेंस नहीं मिली जिसके बाद लोगों ने चंदा एकत्र कर बच्ची के शव को उसके गांव पहुंचाया।

कुंवरगांव क्षेत्र के ग्राम युसूफ नगर निवासी राजू की तीन साल की पुत्री देव कुमारी की शुक्रवार को अचानक तबीयत बिगड़ गयी। बच्ची की हालत बिगड़ने पर राजू ने उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया। यहां डॉक्टरों ने बच्ची को दवा दी लेकिन उसकी हालत में सुधार नहीं हुआ। कुछ देर में बच्ची की मौत हो गयी। राजू शव लेकर काफी देर बैठा रहा। अस्पताल कर्मियों ने उसे वार्ड से बाहर कर दिया। लेकिन उसे घर तक जाने को एम्बुलेंस नहीं मिली। जिसके बाद लोगों ने पैसे एकत्र किए और प्राइवेट एम्बुलेंस से उसे घर तक पहुंचाया। जिला अस्पताल की संवेदनशून्यता पर लोगों में भारी नाराजगी है।

सीएमएस डा. अमित वार्ष्णेय ने बताया कि बच्ची के शव को शव वाहन से घर तक पहुंचाया जाएगा। शव वाहन अस्पताल से जाएगा। लेकिन चालक नहीं मिला जिसके बाद निजी एम्बुलेंस से शव उसके गांव तक पहुंचाया गया।

---

# प्रार्थना सभा में रोजाना प्रमुख खबरें पढ़ेंगे विद्यार्थी

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- कठिन शब्दों के उच्चारण, अर्थ और वाक्य का भी बताया जाएगा प्रयोग
- यूपी बोर्ड की ओर से जारी किया गया शैक्षिक वार्षिक कैलेंडर

> माध्यमिक शिक्षा परिषद की ओर से नए सत्र के लिए शैक्षिक कैलेंडर जारी किया गया है। शैक्षिक कैलेंडर के अनुसार की स्कूलों में पठन पाठन कराया जाएगा। साथ ही गतिविधियों का भी आयोजन कराया जाएगा। सभी स्कूलों के प्रधानाचार्यों को निर्देश जारी कर दिए गए हैं। – **लालजी यादव**, जिला विद्यालय निरीक्षक

**अमृत विचार**: माध्यमिक शिक्षा परिषद की ओर से शैक्षिक सत्र 2026-27 को लेकर कैलेंडर जारी कर दिया है। स्कूलों को 10 जनवरी तक पाठ्यक्रम पूरा करना होगा। सितंबर माह के चौथे सप्ताह में अर्द्धवार्षिक की प्रयोगात्मक परीक्षाएं होंगी। वहीं अक्टूबर माह में लिखित परीक्षाएं कराई जाएगीं। इसके अलावा बच्चों में समाचार पत्र पढ़ने की आदत को विकसित किया जाएग। शैक्षिक कैलेंडर जारी होने के बाद जिला विद्यालय निरीक्षक ने सभी स्कूलों को शैक्षिक कैलेंडर के अनुसार पठन पाठन कराने के आदेश दिए हैं।

सभी बोर्ड के साथ ही माध्यमिक शिक्षा परिषद के स्कूलों में भी एक अप्रैल को नया शैक्षिक सत्र शुरू हो रहा है। जिसकी तैयारी शिक्षा विभाग के साथ स्कूलों में चल रही है। बच्चों को अधिक से अधिक नामांकन कराने के लिए एक अप्रैल से स्कूल चलो अभियान भी शुरू होगा। इस बार यह अभियान माध्यमिक स्कूलों में भी चलाया जाएगा।

इन्हीं तैयारियों के बीच माध्यमिक शिक्षा परिषद की ओर से नए शैक्षिक सत्र को लेकर कैलेंडर जारी किया है। जारी हुए शैक्षिक कैलेंडर के मुताबिक स्कूलों में शिक्षक बच्चों को मोबाइल से होने वाले दुष्प्रभावों और ऑनलाइन गेम्स के कुप्रभाव के प्रति जागरूक करेंगे। नए शैक्षिक सत्र के प्रथम सप्ताह में नया सवेरा कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। जिसमें जिला विद्यालय निरीक्षक व अन्य अधिकारी स्कूलों में पहुंचकर प्रार्थना सभा के दौरान जीवन के मूल्यों, अनुशासन, करियर और दिनचर्या पर संवाद करेंगे। इस कार्यक्रम में अभिभावकों और पूर्व छात्रों को भी आमंत्रित किया जाएगा। सप्ताह में एक दिन योग और ध्यान का आयोजन भी किया जाएगा। स्कूलों में साइबर क्लब और बालिकाओं के लिए शक्ति मंच का गठन भी किया जाएगा।

बताया कि इससे बच्चों को लोकल से लेकर देश-दुनिया में होने वाली हर महत्वपूर्ण गतिविधि की जानकारी रहेगी।

---

## टीबी मुक्त हुईं पांच पंचायतें, प्रधान सम्मानित





जिला पंचायत सभागार में मौजूद स्वास्थ्य अधिकारी और ग्राम प्रधान। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- जिला क्षय रोग अधिकारी ने टीबी के पांच मरीजों को गोद लेकर दी पोषण पोटली

**अमृत विचार** : प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत जिला पंचायत सभागार में विश्व क्षयरोग दिवस मनाया गया। मुख्य अतिथि सीएमओ डॉ. रामेश्वर मिश्रा, विशिष्ट अतिथि डीपीआरओ यावर अब्बास, अपर सीएमओ डॉ. मोहन झा ने टीबी के प्रति जागरूक किया।

जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. विनेश कुमार ने बताया कि टीबी मुक्त पंचायत और सौ दिवसीय विशेष टीबी अभियान के द्वितीय चरण की शुरुआत हो गई है। जिले की 1037 ग्राम पंचायत में से 50 ग्राम पंचायत ग्राम प्रधान, एसटीएस, एसटीएलएस और एलटी के विशेष सहयोग से टीबी मुक्त की जा चुकी हैं। इन ग्राम पंचायतों के प्रधानों को सम्मानित किया गया। उत्कृष्ट कार्य करने वाले डीपीसी आसिफ रजा, एलटी सचिन पटेल, एसटीएस शुभम शर्मा, अकाउंटेंट विमल पाठक, निक्षय मित्र आसिफ रजा, डॉ. सत्यपाल, पतंजलि योग समिति के योगाचार्य गिरधारी सिंह राठौर, डॉ. वीपी मौर्य आदि को भी प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

बृजेश कुमार राठौर ने क्षय रोग के लक्षण, जांच, इलाज और बचाव के बारे में बताया गया। जिला क्षय रोग अधिकारी ने टीबी के पांच मरीजों को गोद लेकर पोषण पोटली उपलब्ध कराई।

---

# टूटे रिकॉर्ड, पांच हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने की ट्रेन यात्रा

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- पूर्णागिरि मां के दर्शन को रामनवमी पर ट्रेनों में रही भारी भीड़

**अमृत विचार** : पूर्णागिरि देवी के दर्शन को जाने वालों का शुक्रवार को रेला दिखाई दिया। हजारों श्रद्धालुओं ने ट्रेन का सफर किया। नवरात्रि के अंतिम दिन रामनवमी पर पूर्णागिरि जाने वाले श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही। सुबह से शाम तक रेलवे स्टेशन पर यात्री डटे रहे। रेलवे के अनुसार आज करीब पांच हजार से अधिक लोगों ने टनकपुर तक यात्रा की। जिससे पुराने रिकॉर्ड टूटे।

हर साल नवरात्र में पूर्णागिरि जाने वालों की भीड़ रहती है। नौ दिन तक मां के दर्शन को श्रद्धालु रात दिन बसों और ट्रेनों से यात्रा करते हैं। शुक्रवार को रामनवमी के मौके पर रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की भारी भीड़ रही। सुबह साढ़े सात बजे से दोपहर 12-20 तक रेलवे स्टेशन पर पैर रखने को भी जगह नहीं थी।



रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की लगी भीड़। ● अमृत विचार

यहां से टनकपुर तक ट्रेन का रास्ता है इसलिए श्रद्धालु सुबह और दोपहर की ट्रेन से भारी संख्या में टनकपुर पहुंचते हैं। आज दोपहर 12-20 पर जैसे ही कासगंज से चलकर ट्रेन यहां पर रुकी तो हजारों श्रद्धालुओं ने मां के जयकारे के साथ ट्रेन का सफर शुरू किया। भारी भीड़ के चलते दोपहर तक प्लेटफार्म एक पर कहीं पर भी जगह नहीं बची। भीड़ का आलम यह था कि यात्रियों ने दौड़-दौड़ कर ट्रेन पकड़ी।फिर भी अनेकों यात्री ट्रेन में नहीं घुस पाए। दोपहर को करीब दो हजार से अधिक श्रद्धालु प्लेटफार्म पर मौजूद रहे। जबकि सुबह साढ़े सात बजे की ट्रेन में इससे भी अधिक भीड़ रही। नवरात्र के अंतिम दिन मां के दर्शनों को निकले श्रद्धालुओं के चेहरों पर खुशी झलक रही थी। कन्याओं को भोज कराने के बाद श्रद्धालु घरों से निकले जिससे रेलवे स्टेशन पर एक साथ भीड़ जुट गयी।

### जिले के सभी स्टेशनों पर रही भीड़

कासगंज से बरेली को जाने वाली ट्रेन में कछला व उझानी से चढ़ने वाले श्रद्धालुओं की भी भारी भीड़ रही। उझानी रेलवे स्टेशन पर आज रामनवमी त्योहार पर यात्रियों ने सुबह आने वाली ट्रेन में हजारों की संख्या में यात्रा की। कछला बितरोई, उझानी और नौशेरा पर श्रद्धालुओं की भीड़ ने पिछले काफी दिनों के रिकॉर्ड तोड़ दिए। जिससे रेलवे को भी आज बेहतर आय हुई।

### जीआरपी ने चलाया चेकिंग अभियान

रेलवे स्टेशन पर भारी भीड़ के चलते जीआरपी पुलिस ने कड़ा पहरा दिया। सुबह से दोपहर तक दो बार प्लेटफार्म पर चेकिंग अभियान चलाया गया। संदिग्धों की तलाश में पूछताछ की गयी। यात्रियों का सामान भी खोल कर देखा गया। जीआरपी एसओ बीरेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि भीड़भाड़ में चोरी जैसी अप्रिय घटनाओं का भय बना रहता है इसलिए सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किए गए हैं। आज दर्जन भर पुलिस के जवान दोनो प्लेटफार्म पर लगाए गए हैं जिससे किसी तरह की घटना न हो सके।

---

## प्राचार्य डॉ. वंदना को मिला जोश मलीहाबादी पुरस्कार

**बदायूं, अमृत विचार** : राजकीय महिला महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. वंदना को उत्तर प्रदेश राज्य कर्मचारी साहित्य संस्थान द्वारा वर्ष 2026 का प्रतिष्ठित जोश मलीहाबादी पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। प्राचार्य को यह सम्मान उनकी पर्यावरण पर आधारित पुस्तक हम और हमारा पर्यावरण के लिए दिया गया।



प्राचार्य डॉ. वंदना।

पुरस्कार वितरण समारोह लखनऊ में आयोजित हुआ था। जहां डॉ. वंदना को एक लाख रुपये की धनराशि, सम्मान पत्र, अंगवस्त्र, पगड़ी और प्रतीक चिन्ह भेंट किए गए। कॉलेज प्राचार्य को सम्मान मिलने पर प्रवक्ताओं के द्वारा बधाई दी गई।

---

# गांव की गलियों में घुसा तालाब का गंदा पानी, ग्रामीण हो रहे परेशान

संवाददाता, कुंवरगांव

**अमृत विचार** : विकासखंड सालारपुर के ग्राम हसनपुर में गांव का गंदा पानी गलियों तक आ पहुंचा है। जिससे ग्रामीणों को आवाजाही में दिक्कत हो रही है। ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन कर समस्या से निजात दिलाने की मांग की है।

हुसैनपुर गांव पिछले कई महीनों से तालाब और नाले का गंदा पानी सड़क पर भरा हुआ है। पानी कई लोगों के मकानों की नींव में भरने से घरों की बुनियाद बैठने व घर गिरने की कगार पर है। जिससे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। जिसको लेकर ग्रामीणों में डर का माहौल है। गलियों में बह रहे गंदे पानी की वजह से जल जनित बीमारियां फैलने का डर सता रहा है। भारतीय किसान यूनियन चढूनी के जिला अध्यक्ष सतीश साहू ने कहा कि समस्या को लेकर कई बार प्रशासन से शिकायत कर चुके हैं। लेकिन अब तक समस्या का समाधान नहीं हो सका है। इस मौके पर नूरुद्दीन, बीयीशु दास, नवाब हुसैन, आनंद बाबा, इमरान, वीरपाल, विवेक, हरिओम, संतोष आदि लोग मौजूद रहे।



विरोध प्रदर्शन करते ग्रामीण। ● अमृत विचार




**अम्बा हैल्थ क्लीनिक**



**डॉ.आर.एस.सिंह**
B.A.M.S.
(आयुर्वेदाचार्य)

**स्त्री-पुरूष रोग विशेषज्ञ**

30 वर्षों से चिकित्सा का अनुभव प्राप्त

ISO.9001:2015 Certify Tredmark Clinic



- ★पतले-दुबले
- ★गाल पिचके
- ★कमजोर स्त्री-पुरूष
- ★मोटापा व वजन बढ़ाने के लिए

परामर्श लें।

**चिकित्सा जानकारी**
भूख न लगना, अपच, कब्ज, गैस बनना, खाने के बाद शौचालय जाना, बच्चों का शारीरिक विकास न होना, पुलिस व फोर्स आदि नौकरी में नाप तौल में कमी होना, बच्चों का बिस्तर गीला करना, मोटे पेट व थुल-थुले व्यक्ति का वजन कम करना, कील-मुंहासे, झाइयां, सफेद दागों व सावलापन हटाना, सुन्दर दिखाना, बालों का समय से पहले झड़ना, टूटना, सफेद होना एवं गंजापन होना, खूनी व वादी बवासीर आदि सभी बिमारियों का परामर्श लें।

**किसी भी प्रकार का नशा जैसे**
शराब, अफीम, गुटखा, सुल्फा, गांजा बीड़ी, सिगरेट आदि नसा छुड़ाने की रोगी को बिना लाये बिना बताये जानकारी प्राप्त करें।

**स्त्री-पुरूष गुप्त समस्याएं**
- स्वपन दोष, शीघ्रपतन, मर्दाना कमजोरी होना
- हस्तमैथुन, धात जाने से कमी होना
- इन्द्री का ढीलापन-छोटापन व पतलापन होना
- वीर्य में शुक्राणु का कम होना
- ल्यूकोरिया, बांझपन, बच्चेदानी में रसोली होना
- यौन अंगो का ढीलापन या इच्छा कम होना
- मासिक धर्म अनियमित होना या उम्र से पहले बन्द होना

वैवाहिक जीवन को सफल बनायें
अविकसित सीना को सुडौल आकर्षक बनायें

**Sexually Transmitted Bacterial Disease**
सुजाक, गिनोरिया, एड्स, यौन अंगो पर खुजली या छाले पड़ने पर तुरन्त डाक्टर से सम्पर्क करें

गलत फिल्में देखने व फोन पर बातें करने से या पेशाब में चिपचिपा पदार्थ निकलने पर तुरन्त सम्पर्क करें

डॉ. साहब
आपके विश्वास पर सभी बिमारियों को ठीक करने की कोशिश कर सकते हैं दावा या गारंटी नहीं दे सकते

मिलें सुबह 11 से सायं 5 बजे तक
दिनांक :-
22 मार्च 2026, रविवार
5 अप्रैल 2026, रविवार
निकट बरेली कॉलेज, होटल मोती महल काली बाड़ी चौराहा, बरेली
9837069463
7599211076


# दिक्कत: अस्पतालों के भवन निर्माण को नहीं मिल रही दूसरी किस्त

## अब कार्यदायी संस्था ने खड़े किए हाथ, कहा- बढ़ गई महंगाई ज्यादा आएगी लागत

कार्यालय संवाददाता, बदायूं




जिला अस्पताल स्थित आयुर्वेदिक अस्पताल भवन। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** सरकार द्वारा बजट मिलने के बाद जिले में चार नए आयुर्वेद अस्पताल का निर्माण कराया जा रहा था। लेकिन सरकार से दूसरी किस्त नहीं मिलने के कारण अब निर्माण अधर में लटका हुआ है। निर्माण करने वाली कंपनी का कहना है कि अब महंगाई अधिक है इसलिए काम नहीं हो पा रहा है। अधूरे निर्माण को लेकर आयुर्वेद विभाग अब असमंजस में है।

जनपद में जरीफनगर और कुंवरगांव सहित चार ग्रामों में आयुर्वेद के अस्पतालों का निर्माण कराया जा रहा था। करीब 14 महीने पहले शासन स्तर से अस्पतालों के निर्माण को बजट जारी किया गया था। इनमें जरीफ नगर का अस्पताल सबसे बड़ा है। इस अस्पताल के लिए करीब 85 लाख से अधिक का धन आवंटित किया गया था। शासन से एक किश्त मिल चुकी है जिससे करीब 60 प्रतिशत निर्माण कार्य कराया जा चुका है। अब 40 प्रतिशत निर्माण और अन्य काम शेष है। लेकिन कार्यदायी संस्था यूपी निर्माण निगम का कहना है कि जब टेंडर मिला था तो प्रत्येक वस्तु के रेट कम थे। जबकि आज सभी चीजों के रेट काफी बढ़ चुके हैं इसलिए आगे का काम करना मुश्किल हो रहा है। जरीफ नगर में बिल्डिंग तैयार नहीं हुई है। अभी बहुत काम होना है। लेकिन अब हालात ऐसे हैं कि महंगाई ने सब खेल बिगाड़ दिया है।

आयुर्वेद एवं क्षेत्रीय यूनानी अधिकारी डा. योगेंद्र सिंह ने बताया कि अस्पतालों के निर्माण अधूरे हैं। कई बार शासन को पत्र लिखे जा चुके हैं फिर भी शेष धनराशि नही दी गयी है। अब कार्यदायी संस्था काम करने को तैयार नहीं है। संस्था का कहना है कि महंगाई अधिक हो गयी है। अब तक काम पूरा हो जाता तो ठीक था। लेकिन जो कार्य शेष बचा है उसे पूरा करने को फिर से धन की मांग की जाएगी। अतिरिक्त धन मिलने पर ही निर्माण कार्य पूरा होगा। चारो अस्पतालों का काम बंद है।

### सूख रहे पौधे

आयुर्वेद की औषधि वाटिका में तैयार हो रहे पौधे गर्मी के चलते सूखने लगे हैं। पौधों की देखभाल ठीक से न हो पाने के कारण कई पौधे मुरझा गये हैं जबकि कई पौधे सूख कर गिर चुके हैं। करीब दर्जन भर औषधियों के पौधे लगाए गए हैं।

### दवाएं नहीं मिलीं, लौट रहे मरीज

आयुर्वेद विभाग को मिलने वाली भारत सरकार की दवाएं पिछले दो साल से नहीं मिली हैं जिससे विभाग को दिक्कत हो रही है। कुछ दवाएं स्थानीय स्तर पर पिछले दिनो खरीदी गई थीं जो अग खत्म हो चुकी हैं। दवाएं नहीं मिलने से बुखार और मलेरिया टाइफाइड के मरीजों को लौटना पड़ रहा है। कुछ ही दवाएं हैं जो मरीजों को दी जा रहीं हैं। लेकिन अब गर्मियों का मौसम है बीमारियों ने पैर पसारने शुरू कर दिए हैं। विभाग का कहना है ऐसे में परेशानी हो रही है। विभाग के जिम्मेदारों का कहना है कि आयुष की दवाएं काफी दिनो से नहीं मिली हैं। पत्राचार करने के बाद भी स्थिति जस की तस बनी हुई है।

# सांस्कृतिक प्रतियोगितओं के प्रतिभागी सम्मानित

**बदायूं, अमृत विचार :** श्री रामनवमी के अवसर पर भारतीय नव वर्ष मेला समिति की ओर से शुक्रवार को बदायूं क्लब में विविध सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। नगर के विभिन्न विद्यालयों के बच्चों ने बड़ी संख्या में प्रतिभाग किया, रंगोली, व चित्र में रंग भरों में प्रतियोगिता में बच्चों की प्रस्तुतियों ने आयोजन को रचनात्मक एवं सांस्कृतिक रुप से समृद्ध बनाया।

निर्णायकों में डॉ सत्यम मिश्रा और आयुषी गुप्ता रहे। सभी विजेताओं को प्रतियोगियों को सम्मानित किया गया। रंग भरो प्रतियोगिता के बाल वर्ग में यशिका जुनेजा ने प्रथम वैश्य ने द्वितीय व स्नेहा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता के किशोर वर्ग में गौरी शर्मा ने प्रथम कुशाग्र कुमार ने द्वितीय व अंजली चौहान ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। रंगोली में किशोर वर्ग में ईशा ने प्रथम दर्शिका ने द्वितीय व मान्या ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वर्ग में रचिता शर्मा ने प्रथम युक्ति ने द्वितीय व दीपाली ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। मेला समिति के महामंत्री डॉ अक्षत अशेष, मयंक गुप्ता, प्रशांत दीक्षित शिवम वैश्य ,राम अवतार मिश्रा, पंकज शर्मा, नितेश वार्ष्णेय, विवेक खुराना आदि रहे। संचालन रविंद्र मोहन सक्सेना ने किया।

# मंदिर में पूजा कर सांसद ने सुनीं समस्याएं



नगला मंदिर में पूजा करते सांसद आदित्य यादव। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बदायूं/बिल्सी

● **नगला मंदिर में पूजा के बाद विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल हुए सांसद आदित्य यादव**

**अमृत विचार :** सांसद आदित्य यादव ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों प्रतिभाग किया। सबसे पहले नगला मंदिर में जाकर पूजा अर्चना की। सुख-समृद्धि, शांति और विकास की कामना की। आमजन से संवाद स्थापित कर जनसमस्याओं को भी सुना।

मंदिर में विधि विधान से पूजा की और हवन में आहूति दी। श्रद्धालुओं का फल वितरित किए। जिसके बाद बिल्सी के अंबियापुर चौराहे पर आयोजित कार्यक्रम में सम्राट अशोक महान की जयंती के उपलक्ष्य में उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। सांसद ने कहा कि सम्राट अशोक महान भारतीय इतिहास के ऐसे महान शासक थे, जिन्होंने अहिंसा, धर्म, न्याय और मानवता के मूल्यों को पूरे विश्व में स्थापित किया। कलिंग युद्ध के बाद शांति और बौद्ध धर्म के मार्ग को अपनाकर समाज को एक नई दिशा दी। अशोक का शासन सुशासन, जनकल्याण और नैतिक मूल्यों का प्रतीक रहा, जिससे आज भी प्रेरणा ली जाती है। जिसके बाद सांसद गुन्नौर क्षेत्र के गांव कादराबाद में मां काली मंदिर में दर्शन किए। गांव सिहोरा में समाधि बाबा आश्रम पर नवरात्रि मेला में सहभागिता की। सांसद ने कहा कि ऐसे आयोजन समाज को जोड़ने और सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। गुन्नौर विधायक रामखिलाड़ी यादव, पूर्व विधायक प्रेमपाल सिंह, हाजी बिट्टन, राजेश यादव, आरके शर्मा, लड्डन मियां आदि उपस्थित रहे।

# व्यवसायियों की पुण्यतिथि पर रक्तदान

संवाददाता, बिसौली



श्रद्धांजलि देते जाइंट्स ग्रुप बिसौली स्टार्स के पदाधिकारी व अन्य।

**अमृत विचार :** वृंदावन से लौटते समय बिसौली के तीन युवा व्यवसायियों की मौत हो गई थी। उनकी पुण्यतिथि पर जाइंट्स ग्रुप बिसौली स्टार्स की और बरेली के स्टार चैरिटेबल ब्लड सेंटर की डॉ. मिति गुप्ता के सहयोग से नंदन क्लीनिक पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 150 से ज्यादा लोगों ने स्वैच्छिक रक्तदान किया। महिलाओं की भी सहभागिता रही।

पिछले साल 27 मार्च को वृंदावन से लौटते समय युवा व्यवसायी सचिन नंदन वार्ष्णेय, मोहित राज गुप्ता और विकास गुप्ता की सड़क हादसे में मौत हो गई थी। जबकि उनके मित्र शशिकांत गुप्ता व अंशुल गुप्ता गंभीर रूप से घायल हो गए थे। जाइंट्स ग्रुप बिसौली स्टार और नगर के लोगों ने रक्तदान शिविर के माध्यम से श्रद्धांजलि अर्पित की। जाइंट्स ग्रुप बिसौली स्टार्स की ओर से यह पांचवां शिविर लगाया गया। डॉक्टर ने 69 साल की नीरज साईं को रक्तदान से रुकवा दिया। अध्यक्ष सौरभ गुप्ता ने कहा कि रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं है। मनोज टाटा, रोटरी क्लब, जाइंट्स ग्रुप की ओर से हर साल शिविर लगाए जा रहे हैं। डॉ. सुधा चौधरी, सुभाष रस्तोगी, पदमा भार्गव, मधु वार्ष्णेय, डॉ. कपिल गुप्ता, भाजपा जिला उपाध्यक्ष सरिता वार्ष्णेय, चेयरमैन अबरार अहमद, अग्रवाल सभा अध्यक्ष संजय अग्रवाल, मनोज टाटा, अनुपम वार्ष्णेय, नितिन गुप्ता आदि का सहयोग रहा।

# भक्तों ने कराया जागरण, बांटा प्रसाद

**बिल्सी, अमृत विचार :** तहसील क्षेत्र के गांव हैबतपुर में देर रात्रि भव्य माता रानी के जागरण का आयोजन किया गया। रात करीब 9 बजे शुरू हुए इस धार्मिक कार्यक्रम में क्षेत्र भर से पहुंचे श्रद्धालुओं ने भक्ति का आनंद लिया।

कार्यक्रम का आरंभ विधि-विधान से भगवान गणेश के पूजन के साथ हुआ। इसके बाद राधा-कृष्ण, हनुमान जी एवं शिव-पार्वती की आकर्षक झांकियों का मंचन किया गया, जिसने श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। उझानी से आई जागरण पार्टी की गायिका रागिनी ने अपने मधुर भजनों की प्रस्तुति से माहौल को पूरी तरह भक्तिमय बना दिया। भजनों पर श्रद्धालु झूम उठे और पूरा वातावरण जयकारों से गूंज उठा। श्रद्धालुओं ने माता रानी का आशीर्वाद प्राप्त किया। रामबहादुर, रमन कुमार, राजेश कुमार, सत्यवान, भजनलाल, नन्हे सहित अन्य का योगदान रहा।

# कन्या जन्म से सौभाग्य में बदलता है भाग्य

कार्यालय संवाददाता, बदायूं



गायत्री शक्तिपीठ एवं आध्यात्मिक चेतना केंद्र पर भोज करतीं कन्याएं। ● अमृत विचार

● **पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ के बाद कराया गया कन्या भोज**

**अमृत विचार :** गायत्री शक्तिपीठ एवं आध्यात्मिक चेतना केंद्र पर नवरात्र अनुष्ठान के बाद पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ हुआ। देव कन्याओं को भोजन कराकर दान दक्षिणा दी गई।

गायत्री परिवार की शिवंवदा सिंह, पूनम अरोड़ा, डॉ. कंचन गुप्ता ने वेदमंत्रोच्चारण कर यज्ञ संपन्न कराया। नजीबाबाद के जोन समन्वयक डीपी सिंह, मुख्य प्रबंध ट्रस्टी सुरेंद्र नाथ शर्मा और जिला समन्वयक नरेंद्र पाल शर्मा ने नारी सशक्तिकरण पर विचार व्यक्त किए। कहा कि नारी मां दुर्गा का स्वरूप है। परिवार, समाज और राष्ट्र की शक्ति नारी है। कन्या जिस घर में जन्म लेती है, उसके परिजनों का भाग्य, सौभाग्य में बदल जाता है। लोक कल्याण की कामना से आत्मीय पर परिजनों ने गायत्री मंत्र और महामृत्युंजय मंत्र की विशेष आहुतियां यज्ञ भगवान को समर्पित कीं। मां दुर्गा की भव्य आरती के बाद भजन कीर्तन हुए। इसके बाद देव कन्याओं को भोजन कराकर दान दक्षिणा दी गई। सुखपाल शर्मा, रामचंद्र प्रजापति, आर्येंद्र सिंह, कालीचरण पटेल, नत्थूलाल शर्मा, दिनेश चंद्र गुप्ता, चैतन्य बाबू, ध्रुव यादव, मुन्नी देवी, राजीव पटेल, सीपी शर्मा, हर्ष, वीरपाल सिंह, सीमा गुप्ता, रजनी मिश्रा, महेश कुमार, ललतेश कुमार आदि मौजूद रहे।

# हर्षोल्लास से मनाई गई सम्राट अशोक की जयंती



सम्राट अशोक की मूर्ति का माल्यार्पण करते लोग। ● अमृत विचार

संवाददाता, बिल्सी

**अमृत विचार :** बृहस्पतिवार की शाम अंबियापुर स्थित सम्राट अशोक चौक पर सम्राट अशोक महान की 2330 वीं जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। सपा के वरिष्ठ नेता उदयवीर सिंह शाक्य ने क्षेत्रवासियों के साथ सम्राट अशोक की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। उन्होनें कहा कि सम्राट अशोक महान अखंड भारत के निर्माता थे और उन्होंने जन कल्याण के कार्य किए। सम्राट अशोक प्रजा को अपनी संतान की भांति प्यार करते थे। सम्राट अशोक जन कल्याण हेतु सदैव तत्पर रहते थे। उन्होंने कहा कि सम्राट अशोक विश्व के महानतम सम्राटों में से एक थे और उन्होंने महात्मा बुद्ध के उपदेशों का विश्व में प्रचार प्र27bdnचार किया। इस मौके पर किशोरी लाल शाक्य समेत कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# मौसम से किसान चिंतित

संवाददाता, वितरोई

**अमृत विचार :** मौसम के अचानक बदले मिजाज ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। आसमान में छाए बादल और बारिश की आशंका को देखते हुए किसान अपनी फसल को लेकर सतर्क नजर आ रहे हैं।

क्षेत्र के कई गांवों में किसान तेजी से गेहूं की कटाई करते दिखाई दे रहे हैं। कटाई के तुरंत बाद थ्रेसर मशीन की मदद से गेहूं निकालकर उसे सुरक्षित घरों तक पहुंचाया जा रहा है, ताकि बारिश से फसल बचाई जा सके। किसानों का कहना है कि अगर समय रहते फसल को सुरक्षित नहीं किया गया तो बारिश से भारी नुकसान हो सकता है। इसी डर के चलते दिन-रात मेहनत कर जल्द से जल्द फसल को समेटने का काम किया जा रहा है।मौसम के इस बदलते रुख ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है और वे अपनी फसल को बचाने के लिए हर संभव प्रयास करते नजर आ रहे हैं।



मशीन से गेहूं निकाल रहे किसान। ● अमृत विचार

# न्यूज डायरी



### बेवजह घूम रहे मनचलों के खिलाफ चला चेकिंग अभियान

**ओरछी, अमृत विचार :** महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा व स्वावलंबन के लिए चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान के तहत थाना फैजगंज बेहटा पुलिस ने गांव सिसरका में महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया। वहीं औरछी चौराहे पर सघन चेकिंग अभियान चलाकर मनचलों और यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों को कड़ा संदेश दिया। सिसरका स्थित जूनियर हाई स्कूल में महिला चौपाल में मिशन शक्ति टीम ने योजनाओं की जानकारी दी। टीम प्रभारी एस आई सुनील कुमार बिश्नोई ने बालिकाओं को आपातकालीन टोल-फ्री नंबरों का उपयोग बताया। इस दौरान विद्यालय स्टाफ, आशा और आंगनबाड़ी मौजूद रहीं। समाजसेविका दुर्गेश सक्सेना ने टीम को फूल भेंट कर सम्मानित किया। टीम ने ओरछी चौराहे मुख्य मार्ग पर पैदल गश्त की। भारतीय स्टेट बैंक के पास संदिग्ध व्यक्तियों की तलाशी ली गई। चौराहे पर बेवजह घूम रहे युवकों और मनचलों के खिलाफ एंटी रोमियो टीम ने सघन चेकिंग अभियान चलाया। इस मौके पर दौरान विनीत सिंह, राहुल सिंह, अंजली शर्मा और पीआरडी प्रवेश कुमारी उपस्थित रहे।



### स्मार्ट सिटी के लिए चयनित होने पर सदर विधायक को दी बधाई

**बदायूं, अमृत विचार :** नवयुग योजना के अंतर्गत बदायूं जिला के स्मार्ट सिटी के लिए चयनित होने पर उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष केबी गुप्ता के नेतृत्व में पदाधिकारियों ने सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता को बधाई दी। शुक्रवार को पदाधिकारियों ने विधायक और उनके बेटे भाजपा जिला मंत्री विश्वजीत गुप्ता का पटका पहनाकर और मिठाई खिलाई। जिलाध्यक्ष ने कहा कि यह सदर विधायक के प्रयास व दूरदर्शी नेतृत्व का परिणाम है। विश्वास व्यक्त किया कि स्मार्ट सिटी में चयन से बदायूं नगर के विकास को नई गति मिलेगी और नागरिकों को बेहतर सुविधाएं प्राप्त होंगी। चंद्र प्रकाश गुप्ता, दीपक राज महाजन, संदीप रस्तोगी, नरेंद्र कुमार गुप्ता, रामकृष्ण गुप्ता, ज्वाला प्रसाद गुप्ता, कमलेश गुप्ता, सुनील कुमार गुप्ता, राहुल रावत, अखिल रस्तोगी, डॉ. शरद गुप्ता, डॉ. संजीव गुप्ता, मयूर गुप्ता, दीपांशु राठौर, रोहित गुप्ता आदि उपस्थित रहे।



### रामनवमी पर निकाली गई शोभायात्रा

**विजय नगला, अमृत विचार :** कस्बा बिनावर में श्री रामनवमी की शोभायात्रा भव्य रूप से निकल गई। शुक्रवार दोपहर कस्बा स्थित शिव मंदिर से भगवान श्री राम की शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा कस्बे के प्रमुख मार्ग से होती हुई राजाबेन स्थित मंदिर पर जाकर समाप्त हुई। डीजे पर युवक नाचते गाते नजर आए। राम दरबार, श्री राधा कृष्ण, श्री हनुमान, शिव पार्वती भगवान के रूप में सिंहासन पर विराजमान रहे। जगह-जगह श्रद्धालुओं ने भगवान की आरती उतारी व गुलाल उड़ाया। शोभा यात्रा में भगवान के भजनों के साथ-साथ जयकारे लगाए गए। शोभा यात्रा में संजीव प्रधान द्वारा भंडारा कराया गया। इसके साथ ही जीतू साहू विमल ठाकुर ने कोल्ड ड्रिंक और पानी की बोतलों का वितरित किया। सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता भी मौजूद रहे। इस मौके पर प्रमुख रूप से सनी ठाकुर, राजेश साहू, सत्य बाबू साहू, धीरज साहू, दयालु सिंह, पूर्व प्रधान सतीश ठाकुर, यादराम मौर्य, आदेश शर्मा, विमल सिंह आदि मौजूद रहे।



### रामनवमी मेलों का उदघाटन

**उझानी, अमृत विचार :** उझानी के जिला पंचायत क्षेत्र रियोनइया निवासी अंकुर चौहान ने शुक्रवार को ग्राम पंचायत भैंसोरा व ग्राम पंचायत कोटरा के देव स्थान कारे देव पर रामनवमी मेले का फीता काटकर उद्घाटन किया। उद्घाटन के समय सैकड़ों की संख्या में भीड़ मौजूद रही। जिला पंचायत के संभावित प्रत्याशी अंकुर चौहान ने समर्थकों के साथ मेलों का आरंभ करते हुए कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए वह लोगों के साथ हैं। इस मौके पर मेला कमेटी से नागा बाबा, अमित चौहान, देवेश यादव, लालू उर्फ़ विपिन यादब, तरुण ठाकुर, दिनेश चौहान, नरेंद्र चौहान, विशाल सिंह, व अन्य ग्राम वासी मौजूद रहे ।

# कन्याओं को कराया भोज, लिया आशीष

● **रामनवमी पर मंदिरों में हुई पूजा अर्चना, घरों में हुए माता के कीर्तन**



मंदिर में पूजा करता श्रद्धालु।



प्रसाद ग्रहण करने के बाद घर से निकलतीं कन्याओं को विदा करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

संवाददाता, बिसौली

**अमृत विचार :** नगर का प्रसिद्ध बैनी महाराज का मनोकामना मंदिर नवदुर्गा के दौरान भक्ति का मुख्य केंद्र बना रहा, रोजाना शाम को निश्चित समय पर होने वाली आरती में सैकड़ों की संख्या में पहुंचने वाले भक्तों के भक्ति स्वरों से ये स्थान गुंजायमान होता रहा, मंदिर का प्रबंधन भी उच्च कोटि का रहा। रामनवमीं को शाम को यहां तीन घंटे कीर्तन हुए उसके बाद महाआरती का आयोजन किया गया।

कादरचौक कस्बे में रामनवमी पर्व पर शुक्रवार को देवी के स्वरूप की पूजा अर्चना कर कन्याओं को भोज कराया गया। मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही। रामनवमी के दिन संपूर्ण व्रत करके कन्याओं को कन्या भोज कराया गया। मंगल कामना करते हुए कन्याओं को मिष्ठान दिया गया। लोगों ने पड़ोस के गांव से कन्याओं को बुलाकर अपना उपवास खोला। कन्याओं को भोजन कराया और चुन्नी उड़ाकर माथे पर तिलक लगाकर चरण स्पर्श किए।

## ब्रीफ न्यूज

### ट्रैक्टर-ट्रॉली की टक्कर से बाइक सवार की मौत

इस्लामनगर, अमृत विचार : गुरुवार देर रात इस्लामनगर-बिसौली मार्ग पर सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई। वह बुलंदशहर से बाहर से लौट रहा था। रास्ते में ट्रैक्टर-ट्रॉली ने टक्कर मार दी। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया। थाना वजीरगंज क्षेत्र के गांव नगरिया निवासी अर्जुन कश्यप (21) पुत्र नेत्रपाल बुलंदशहर में गन्ने का जूस बेचकर अपने परिवार का सहयोग करते थे। गुरुवार देर रात वह बाइक से अपने गांव लौट रहे थे। बिसौली मार्ग पर तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्रॉली ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में अर्जुन गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास मौजूद लोग घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। हालत गंभीर होने पर चिकित्सक ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया लेकिन रास्ते में ही घायल ने दम तोड़ दिया। सूचना मिलने पर परिजनों में चीत्कार मच गया। पुलिस ट्रैक्टर-ट्रॉली की तलाश कर रही है।

### डंपर व ट्रैक्टर भिड़ंत में चालक घायल

नूरपुर पिनौनी, अमृत विचार : इस्लामनगर थाना क्षेत्र में सहसवान मार्ग स्थित गांव कोहरा के पास बालू लदे डंपर और ट्रैक्टर में भिड़ंत हो गई। हादसे में ट्रैक्टर चालक घायल हो गया। थाना प्रभारी उदयवीर सिंह मौके पर पहुंचे। ट्रैक्टर और डंपर को कब्जे में लिया। चालक को इलाज के लिए भेजा।

# ककराला की दरगाह पर होगा उर्स डीएम-एसएसपी ने परखी व्यवस्था

## ककराला में शाह सकलैन मियां रहमुतुल्ला अलेह की दरगाह पर होगा दो दिवसीय उर्स

संवाददाता, ककराला



सुरक्षा का जायजा लेते डीएम अवनीश राय और एसएसपी अंकिता शर्मा। ● अमृत विचार

● कई राज्यों से जायरीनों की होगी शिरकत, मुल्क में भाईचारा की मांगी जाएगी दुआ

**अमृत विचार :** ककराला में आयोजित होने वाले 70वें उर्स ए शाह शुजाअत अली मियां तैयारी मुकम्मल हो गई हैं। 28 मार्च से उर्स का आगाज होगा। जिसमें कई राज्यों से जायरीन शामिल होंगे। डीएम अवनीश राय और एसएसपी अंकित शर्मा ने मौका मुआयना करके सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। मौजूद लोगों दरगाह पर आने वाले जायरीनों के संबंध में जानकारी दी।

उर्स इंतजामिया कमेटी के जिम्मेदार और शाह सकलैन एकेडमी के पदाधिकारियों ने बताया कि विश्वविख्यात आध्यात्मिक सूफी बुजुर्ग हजरत शाह शुजाअत अली मियां रहमतुल्लाह अलैह का सालाना उर्स पूरी अकीदत व एहतराम के साथ दो दिन तक मनाया जाएगा। सभी कार्यक्रम दरगाह प्रमुख सज्जादानशीन हजरत गाजी मियां की निगरानी में होंगे। इंतजामिया कमेटी ने सुरक्षा, साफ-सफाई, पेयजल, रोशनी, यातायात, मेडिकल कैंप, एंबुलेंस व अग्निशमन सेवा आदि की तैयारी पूरी कर ली है। उर्स में उत्तर प्रदेश के अलावा महाराष्ट्र, गुजरात, आंध्र प्रदेश, मध्य प्रदेश, उड़ीसा, छत्तीसगढ़, राजस्थान, पंजाब, बिहार, बंगाल, उत्तराखंड, हरियाणा, दिल्ली आदि से जायरीन शिरकत करेंगे। दरगाह पर हजारों लोगों के ठहरने और खाने-पीने की व्यवस्था है। उर्स के पहले दिन का आगाज कुरआन ख्वानी से किया जाएगा। दोपहर तीन बजे दरगाह शाह दरगाही मियां ज्यारत शरीफ से जुलूसे परचम कुशाई का आगाज होगा। जो परपंरागत मार्ग जामा मस्जिद, हुसैन गली, खिलाड़ी वाली चौपाल, पूरब पुल से मेन बाजार होता हुआ दरगाह पर आकर संपन्न होगा। रात में नमाजे इशा नात मंकबत ख्वानी व खूसूसी व मशहूर उलमाये किराम का सूफी प्रवचन होगा। जायरीनों के लिए भंडारा रहेगा।

दूसरे दिन सुबह 9 बजे उलेमा-ए-कराम की तकरीरें और बुजुर्गों की तालीमत, पैगामा और दीन-ओ-इस्लाह पर बयान होंगे। 11 बजे सज्जादानशीन कुल शरीफ की रूहानी परंपरा अदा कराएंगे। विश्व शांति और मुल्क में आपस में अमन-शांति भाईचारा, सौहार्द क़ायम रहने की दुआ होगी। कहा कि उर्स का मुख्य उद्देश्य समाज में मोहब्बत, भाईचारा, अमन और इंसानियत का पैगाम देना है।

इंतजामिया कमेटी में इंतिखाब सकलैनी, हमजा सकलैनी, मुरतुजा सकलैनी, मुन्तसिब सकलैनी, मुनीफ सकलैनी, गौसी सकलैनी, तौसीफ सकलैनी, हाफिज अयाज, हाफिज आमिल, हाफिज कैस आदि रहेंगे। डीएम व एसएसपी ने अधिकारियों और कर्मचारियों को सतर्क रहने को निर्देशित किया है। कहा कि उर्स में आने वाले जायरीनों को असुविधा न हो।

## जेब से 30 हजार रुपये चोरी करने का आरोपी गिरफ्तार

**बदायूं, अमृत विचार :** कोतवाली सहसवान पुलिस ने जेब से रुपये चोरी करने के आरोपी को गिरफ्तार किया है। उसके पास से चोरी किए गए 10 हजार रुपये बरामद हुए जबकि बाकी 20 हजार रुपये चोरी के बाद कहीं गिर गए थे। आरोपी को जेल भेजा गया है।

सहसवान नगर के मोहल्ला शहबाजपुर निवासी वकीलउद्दीन पुत्र सिराजउद्दीन गुरुवार को घर के सामान की खरीदारी करने के लिए दुकान पर गए थे। उनकी जेब से 30 हजार रुपये निकाल लिए गए थे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दुकान पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज चेक की थी। जिसमें पता चला कि मोहल्ला दहलीज निवासी फैजान पुत्र कैसर अली ने रुपये चोरी किए थे। वकीलउद्दीन की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की थी। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही थी। शुक्रवार को पुलिस ने आरोपी फैजान को नाधा रोड से गिरफ्तार कर लिया। चोरी की रकम में से 10 हजार रुपये बरामद हुए। पूछताछ में बताया कि वह सामान खरीदने गया था। इसी दौरान उसने जेब से रुपये चोरी कर लिए। उसने अपनी एक जेब में 10 और दूसरी में 20 हजार रुपये रखे। रास्ते में 20 हजार रुपये कहीं गिर गए।

# हत्यारोपी के तहेरे भाई ने महिला बटालियन से गायब किया था सामान

**प्लांट पर हत्याकांड**

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

● पुलिस ने हत्याकांड के तहेरे भाई पर दर्ज की थी रिपोर्ट, जांच के बाद लगाई चार्जशीट

**अमृत विचार :** दातागंज स्थित एचपीसीएल के प्लांट पर उप महाप्रबंधक सुधीर गुप्ता और सहायक मुख्य प्रबंधक हर्षित मिश्रा की 12 मार्च को गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। जिसके बाद पुलिस और प्रशासन की जांच में मुख्य हत्यारोपी अजय प्रताप सिंह और उसके ताऊ राकेश सिंह समेत उसके परिवार का अवैध साम्राज्य धीरे-धीरे सामने आ रहा है। अब पुलिस ने हत्यारोपी के ताऊ के घर के पास बने घेर से कुछ समय पहले महिला बटालियन से गायब किया गया सामान बरामद किया है। पुलिस इसमें चार्जशीट भी लगा चुकी है।

एक तरफ एचपीसीएल का प्लांट, गंगा एक्सप्रेस वे पर औद्योगिक गलियारे की तैयारी के अलावा यहां महिला पीएसी बटालियन का भवन बनकर लगभग तैयार है। विधानसभा दातागंज क्षेत्र तेजी से विकास की ओर अग्रसर था। लेकिन प्लांट पर दो अधिकारियों की हत्या की घटना ने बदायूं को एक बार फिर से शर्मसार किया है। पुलिस और तहसील प्रशासन की जांच तेजी से चल रही है। जिसके अंतर्गत पता चला है कि विकास की कड़ी में बनाए जा रहे महिला पीएसी बटालियन पर निर्माण में प्रयुक्त सामान गायब हुआ था। जिसकी रिपोर्ट भी दर्ज की गई थी। बताया जा रहा है कि मामले में हत्यारोपी का तहेरा भाई अभय प्रताप सिंह नामजद था। पुलिस ने इस मामले में चार्जशीट भी दाखिल की थी। अब पुलिस ने अभय प्रताप सिंह के घर के बाहर बने घेर से निर्माणाधीन बटालियन से गायब पांच ड्रम, सटरिंग आदि सामान बरामद किया है। जिसे थाने पर खड़ा कराया गया है। तहसील प्रशासन शनिवार को सील की दुकानों और अवैध रूप से लगाए जा रहे बाजार पर कार्रवाई कर सकता है।

## दूसरे की जमीन बेचने का प्रयास पुलिस हिरासत में एक आरोपी

संवाददाता, कुंवरगांव

● हिरासत में लिए गए युवक के पास से मिले दो फर्जी आधार कार्ड

**अमृत विचार :** थाना कुंवरगांव क्षेत्र में लंबे समय से जमीन का गलत तरीके से खरीद फरोख्त का काम चल रहा है। कुछ लोगों ने गलत तरीके से दूसरे की जमीन बेचने का प्रयास किया। एक युवक को हिरासत में लिया गया है। उसके पास दो फर्जी आधार कार्ड बरामद हुए। पुलिस उससे पूछताछ कर रही है।

थाना बिनावर क्षेत्र के गांव पलिया निवासी भूपकिशोर, नन्हें, वीरपाल और भागवती के नाम कुंवरगांव थाना क्षेत्र के गांव पनौटा में 20 बीघा जमीन है। यह जमीन उन्होंने बटाई पर दी है। कुंवरगांव के वार्ड एक निवासी रामू पुत्र रामवीर ने तहरीर देकर बताया कि एक सप्ताह पहले चार लोग उनके पास आए थे और कहा कि वह पलिया गांव के निवासी हैं। वह अपनी पनौटा स्थित 20 बीघा जमीन बेचना चाहते हैं। रामू ने कुछ समय मांगा। शुक्रवार को नन्हें अन्य तीन लोगों के साथ आया। रामू के अनुसार उन्होंने पनौटा निवासी ज्ञान स्वरूप से जमीन का सौदा 3.60 लाख रुपये प्रति बीघा के हिसाब से कराया। रामू ने छह महीने के बाद जमीन का बैनामा कराने की बात कही। उन्होंने बतौर बयाना नन्हें को दो लाख रुपये दिए। युवक ने अपना आधार कार्ड दिखाया। जिसमें नाम नन्हें और वीरपाल लिखा था। जो रामू को दिया। रामू ने घर आकर आधार कार्ड चेक किया तो वह फर्जी निकला। रामू ने नन्हें नाम के युवक को फोन किया और रुपये वापस देने को कहा। वह रामू को रुपये देने आया तो रामू ने उसे पकड़कर पुलिस को सौंप दिया। उसके पास से दो फर्जी आधार कार्ड बरामद हुए। युवक बरेली के थाना विशारतगंज निवासी है। पुलिस उससे पूछताछ कर रही है। सूचना मिलने पर जमीन के असली मालिक पहुंच गए। अवैध रूप से जमीन बेचने वाले और बिकवाने वालों के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। थाना प्रभारी राजेश कौशिक ने बताया कि जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से सैनिक घायल

**ओरछी, अमृत विचार :** मुरादाबाद-फर्रुखाबाद राजमार्ग पर फैजगंज बेहटा थाना क्षेत्र में सड़क हादसे में बाइक सवार सैनिक घायल हो गया। घायल को मुरादाबाद के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

गांव खेड़ादास निवासी सत्यभान पुत्र प्रकाश अग्निवीर भर्ती से सेना में तैनात हुए थे। वह किसी काम से फैजगंज बेहटा आए थे। देर शाम जब वह अपनी बाइक से वापस गांव लौट रहे थे। रामवती देवी इंटर कॉलेज के पास चंदौसी की ओर से आ रहे एक तेज रफ्तार ट्रक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। सत्यभान बाइक से उछलकर राजमार्ग पर जा गिरे और लहूलुहान हो गए। राहगीरों की सूचना पर पुलिस पहुंची। घायल के परिजनों को सूचना दी। परिजन घायल को इलाज के लिए अस्पताल ले गए। ट्रक पुलिस के कब्जे में है। थाना प्रभारी मनोज वर्मा ने बताया कि परिजनों की ओर से तहरीर आने के बाद कार्रवाई की जाएगी।

## श्री राम के जीवन में कभी नहीं रहा भेदभाव



संबोधित करते विश्व हिंदू परिषद के पूर्व जिलाध्यक्ष व मुख्य वक्ता सुनील राठौर।

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

● विश्व हिंदू परिषद ने मनाया श्री राम महोत्सव

**अमृत विचार :** विश्व हिंदू परिषद ने शुक्रवार को मीरा सराय स्थित मंदिर परिसर में श्री राम महोत्सव मनाया। कार्यक्रम का आरंभ भगवान श्री राम के चित्र पर माल्यार्पण और राम स्तुति के साथ हुआ।

मुख्य वक्ता पूर्व जिलाध्यक्ष व भाजपा कार्यसमिति सदस्य सुनील राठौर ने कहा कि राम के जीवन में कोई भेदभाव कभी रहा ही नहीं फिर समाज में ऐसा भेदभाव कहां से आया। कौन लोग हैं जो हिंदू समाज को जातियों के टुकड़ों में बांटकर हमें अलग करने की साजिश रचते हैं। यह बातें सोचने व विचार करने की हैं। राम आदर्श, जीवन नियम, संयम, और मर्यादा की सीमा है। ये बिन्दु ही राम को मर्यादा पुरुषोत्तम राम बनाते हैं। जिलाध्यक्ष नीरज रस्तोगी ने कहा कि राम ही राष्ट्र हैं। राम ही जीवन की दिनचर्या है। संगठन के कोषाध्यक्ष नीरज कोचर, जिला मंत्री विनय प्रताप सिंह मौजूद रहे।

## हादसे में घायल की मौत, गुस्साए परिजनों ने किया जाम लगाने का प्रयास

● दिल्ली से लौटते समय 17 मार्च को सैदपुर में हुए हादसे में घायल हुआ था सनोज

संवाददाता, वजीरगंज



जाम लगाने का प्रयास करने वाले लोगों को समझाते पुलिसकर्मी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** वजीरगंज थाना क्षेत्र के कस्बा सैदपुर पर बने शराब ठेके के सामने 17 मार्च को हुए सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल ने बरेली के निजी अस्पताल में दम तोड़ दिया। पुलिस गाड़ी की पहचान नहीं कर सकी है जिससे गुस्साए लोगों ने सड़क पर जाम लगाने का प्रयास किया। पुलिस के समझाने पर लोग हटे।

थाना वजीरगंज क्षेत्र के गांव अमरोली निवासी सनोज वाल्मीकि पुत्र राधेश्याम दिल्ली में डिलीवरी ब्यॉय था। जो 17 मार्च को गांव आ रहे थे। कस्बा सैदपुर की शराब की दुकान के सामने किसी वाहन ने सनोज को टक्कर मार दी थी। वह गंभीर रूप से घायल हो गए थे। परिजनों ने बरेली के निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान गुरुवार सुबह सनोज की मौत हो गई। गुस्साए परिजन और ग्रामीणों ने पुलिस पर तुरंत कार्रवाई न करने का आरोप लगाते हुए शव सड़क पर रखकर जाम लगाने का प्रयास किया। सनोज की चार छोटी-छोटी बेटियां हैं जिनका रो-रो कर बुरा हाल है। प्रभारी निरीक्षक के समझाने और सड़क हादसे वाली गाड़ी की पहचान करके कार्रवाई के आश्वासन पर लोग माने और अंतिम संस्कार किया। वजीगंज प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि हादसे की रिपोर्ट लिखी गई थी। गाड़ी की तलाश की जा रही है।

# अपहरण के दो दोषियों को आजीवन कारावास

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

● 28 फरवरी 1998 को किया था अपहरण, पुलिस ने 15 अप्रैल को किया था बरामद

**अमृत विचार :** अपहरण के दो आरोपियों को विशेष न्यायाधीश दस्यु प्रभावित क्षेत्र रेखा शर्मा ने दोषी पाते हुए आजीवन समेत 35 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। जिसमें से 20 हजार रुपये वादी को दिए जाएंगे।

अभियोजन पक्ष के अनुसार वादी मुकदमा इतामुला ने 28 फरवरी 1998 को दर्ज कराई तहरीर में बताया था कि रात में एक बजे चार बदमाश बंदूक-तमंचे लेकर छत से घर पर चढ़ाई कर दी थी। दो-तीन नीचे आए और बाकी छत पर खड़े रहे।

छत पर बनी मढ़ैया में बेटा फिरोज, भतीजा जान मोहम्मद, कौशल अली, इंद्रेश, भांजा जाकिर, भांजे का लड़का महबूब सो रहे थे। लैंप से रोशनी हो रही थी। बदमाशों ने उन्हें जगाया और पूछा कि फिरोज और समसुल कौन हैं। फिरोज ने अपने बारे में बता दिया। बदमाश फिरोज को साथ ले गए। बताया था कि लैंप की रोशनी में भांजे व भतीजा बदमाशों के सामने आने पर पहचान लेंगे।

पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर 15 अप्रैल 1998 को मुखबिर की सूचना पर गंगा की कटरी में बनी झोपड़ी में बदमाशों को घेरकर फिरोज को मुक्त कराया था। कोर्ट में कादरचौक थाना क्षेत्र के गांव जोरी नगला निवासी शिबू और साबिर पुत्र खैराती पर अपहरण करने के आरोप में मुकदमा चलाया गया। न्यायाधीश ने पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्य का अवलोकन किया। विशेष लोक अभियोजक पशुपतिनाथ और बचाव पक्ष के अधिवक्ता की दलीलों को सुनने के बाद आरोपी को दोषी पाते हुए सजा सुनाई।

## हादसे में महिला की मौत

**विजय नगला, अमृत विचार :** थाना बिनावर क्षेत्र के रहमा नगला गांव निवासी परवीन बानो (45) पत्नी मौहम्मद असलम मलगांव स्थित रेलवे क्रासिंग के पास खड़ी थीं। तेज रफ्तार बाइक सवार आया और उसे टक्कर मार दी। घायल को जिला अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सक ने महिला को हायर सेंटर रेफर कर दिया। परिजन महिला को इलाज के लिए बरेली ले जा रहे थे लेकिन महिला ने रास्ते में दम तोड़ दिया।

## सदर विधायक ने सीसी सड़कों का किया लोकार्पण



बनगढ़ में सीसी रोड का लोकार्पण करते विधायक महेश चंद्र गुप्ता। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** शुक्रवार को सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता ने विकासखंड सलारपुर के ग्राम हुसैनपुर करोतिया और ग्राम बनगढ़ में 44 लाख की लागत से निर्मित सीसी रोड जन सामान्य को समर्पित करते हुए मार्गों का लोकार्पण किया।

उन्होंने कहा कि आज का दिन हम सबके लिए खुशी का दिन है। इन दोनों गांवों में सीसी सड़क कार्य का लोकार्पण केवल एक निर्माण कार्य नहीं है, बल्कि यह हमारे विकास की दिशा में एक मजबूत कदम है। उन्होने ग्रामीणों को बधाई देते हुए कहा कि यह सड़क न केवल आने-जाने की सुविधा को बेहतर बनाएगी, बल्कि बच्चों की पढ़ाई, किसानों की फसल की ढुलाई और आम लोगों के जीवन को भी आसान बनाएगी। पूर्व की सरकारों द्वारा केवल जाति धर्म के आधार पर बांटने का कार्य किया गया, लेकिन आज डबल इंजन की सरकार मोदी और योगी के नेतृत्व में विकास के नए आयामों को छू रही है, समाज के हर तबके का ध्यान रखकर विकास कराया जा रहा है। कहा कि आप सबका सहयोग ही ताकत है। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख पति अनेकपाल पटेल, निवर्तमान जिला उपाध्यक्ष सोबरन सिंह राजपूत, मंडल अध्यक्ष नोरंगपाल, हरिप्रसाद वर्मा,अनिल सिंह, धीर सिंह राजपूत, पंकज गुप्ता, प्रधान राम किशन, सोहनपाल शर्मा, वीरपाल, नईम चौधरी, अनूप पटेल, राजेंद्र पाल प्रधान, शहंशाह प्रधान आदि लोग मौजूद रहे।

## बिजली टीम के साथ मारपीट के आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज

संवाददाता, इस्लामनगर



वायरल वीडियो अनुसार बिजली विभाग की टीम पर हमला करते लोग।

**अमृत विचार :** कस्बा इस्लामनगर के मोहल्ला काजी टोला में गुरुवार को बिजली विभाग की चेकिंग के दौरान हंगामा हो गया। राजस्व वसूली और बकाया वसूली अभियान के तहत पहुंचे जेई और उनकी टीम के साथ एक कनेक्शन धारक व उसके परिजनों ने मारपीट कर दी। वीडियो वायरल हुआ तो पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

गुरुवार सुबह लगभग 11 बजे बिजली विभाग की टीम कनेक्शनों की जांच और बकाया वसूली के लिए अभियान चला रही थी। इसी दौरान गांव अल्लैहपुर के एक बकायेदार कनेक्शन की तलाश की गई तो पता चला कि कनेक्शन इस्लामनगर के मोहल्ला काजी टोला में संचालित हो रहा है। जेई ग्रामीण विक्रम यादव टीम के साथ काजी टोला पहुंचे। कनेक्शन की जानकारी करने पर कुलदीप गुप्ता पुत्र श्रीपाल गुप्ता ने परिवारजनों के साथ मिलकर जेई व संविदा कर्मचारी दुर्वेंद्र कुमार, अल्लाहनूर और अशोक कुमार के साथ अभद्रता की। देखते ही देखते विवाद बढ़ गया। आरोप है कि कनेक्शन धारक व उसके साथियों ने जेई और कर्मचारियों के साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। मौके पर अफरा-तफरी मच गई। कर्मचारी जान बचाकर भागते नजर आए। इस दौरान राजस्व वसूली का कार्य बीच में ही रोकना पड़ा। जो वीडियो में साफ देखा जा सकता है। जेई ने थाने जाकर कुलदीप गुप्ता व अज्ञात के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करके जांच शुरू कर दी है।


अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
9756905552, 8445507002


**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पहले मेरा नाम स्नेह था। किन्तु अब मैंने अपना नाम बदलकर स्नेहा गुप्ता रख लिया है। भविष्य में मुझे स्नेहा गुप्ता के नाम से जाना व पहचाना जाये। **स्नेहा गुप्ता पत्नी गौरव गुप्ता नि. मो. वगिया कस्बा अल्हागंज तह. जलालाबाद जिला शाहजहांपुर**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि हमने अपने पुत्र देवजीत सिंह यादव उर्फ देवांश व उसकी पत्नी देवांशी को गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। हमारा व हमारे परिवार से कोई वास्ता नहीं होगा। **प्रदीप कुमार यादव पुत्र जितिन यादव व प्रियंका यादव पत्नी प्रदीप यादव निवासीगण 638, कटरा चांद खां, थाना कैन्ट, जिला बरेली।**


वैधानिक सूचना :- समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।



RMC BAREILLY Excellence towards profession
रोहिलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल
पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
विशाल चिकित्सा शिविर
हड्डी रोग विभाग | स्त्री रोग विभाग | बाल रोग विभाग
शल्य रोग (सर्जरी) विभाग | मेडिसिन विभाग | चेस्ट एवं टी.बी विभाग
नेत्र रोग विभाग | नाक, कान, गला रोग विभाग
यह सुविधा 23 मार्च 2026 से 10 अप्रैल 2026 तक
समस्त रोगों के इलाज की उच्च स्तरीय सुविधाएं
रजिस्ट्रेशन शुल्क मात्र 20/- रूपये
डॉक्टर द्वारा परमार्श मुफ्त
भर्ती एवं पलंग मुफ्त
भर्ती मरीजों का एक्स-रे मुफ्त
भर्ती मरीजों की सामान्य जाँचें मुफ्त
डिलीवरी मुफ्त
भर्ती मरीजों का ब्रेन एमआरआई 1500/- में स्पाईन एमआरआई 2000/- में
भर्ती मरीजों का अल्ट्रासाउण्ड मुफ्त
भर्ती मरीजों सी.टी. 20% की छूट पर एवं ईको 500/- में
रोहिलखण्ड हॉस्पिटल में इम्पैनल्ड संस्थायें
इम्पैनल्मेंट संस्थाओं के नाम (कैशलेस-इलाज)
1. आयुष्मान भारत योजना
2. राष्ट्रीय अन्धता नियंत्रण कार्यक्रम (NBCP)
3. हौसला साझेदारी (परिवार नियोजन)
4- सी.ए.आई.आई. (CARI)
5. एक्स-सर्विसमैन कंट्रीब्यूटरी हेल्थ स्कीम (ESIC)
6. आई.वी.आर.आई. (IVRI)
7. कर्मचारी राज्य बीमा कारपोरेशन (ESIC)
8. बी.एस.एन.एल.
9. प्रधान मंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान
10. सेंट्रल आर्म्ड पुलिस फोर्स (CAPF)
11. सेंट्रल गवर्नमेन्ट हैल्थ स्कीम
इम्पैनल्मेंट टी.पी.ए. कंपनी (कैशलेस-इलाज)
1. एचडीएफसी एर्गो
2. एरिकसन इंश्योरेंस प्राइवेट लिमिटेड
3. सेफवे इंश्योरेंस टी.पी.ए. प्राइवेट लिमिटेड
4. रिलायंस हेल्थ इंश्योरेंस
5. आदित्य बिरला ग्रुप जनरल इंश्योरेंस कंपनी मिमिटेड
6. जेनिन्स इंश्योरेन्स कंपनी लिमिटेड
9. युनिवर्सल सोम्पो जनरल इन्श्योरेन्स
10. एसबीआई इन्योरेन्स
11. आईसीआईसीआई लोम्बार्ड
12. रिलायन्स जनरल इन्योरेन्स कं. लि.
*इनवेजस रेडियोलॉजी की जाँचें छोड़ कर *T&C Apply
हैल्पलाइन नं. : 9520876140, 8534088093, 9520876145
इमरजेंसी भर्ती की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध अनुभवी डाक्टरों की देख-रेख में
एन.ए.वी.एच.* 'राष्ट्रीय स्तर' द्वारा प्रमाणित संस्था

